दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली ।। बुधवार 08 मई -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 208 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# 11 राज्यों की 93 सीटों पर हुआ 64% मतदान

**नई दिल्ली।** 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 लोकसभा सीटों पर मंगलवार सुबह 7 बजे से जारी वोटिंग शाम छह बजे खत्म हो गई है। चुनाव आयोग के मुताबिक, 64.08% लोगों ने वोट डाले। असम में सबसे ज्यादा 75%, सबसे कम महाराष्ट्र में 53% लोगों ने मतदान किया। शाम पांच बजे तक 63.77% वोटिंग हुई। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 73.93% और सबसे कम महाराष्ट्र में 53.40% वोटिंग हुई। दोपहर तीन बजे तक 53.60% वोटिंग हुई थी। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 63.11% वोटिंग हुई और सबसे कम महाराष्ट्र में 42.63% लोगों ने वोट डाले थे।

बिहार में वोटिंग के दौरान पीठासीन अधिकारी और होमगार्ड जवान की मौत हो गई है। छत्तीसगढ़ के जशपुर में मतदान करने पहुंचे एक बुजुर्ग वोटर की मौत हो गई। वहीं, पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के भाजपा कैंडिडेट और ळटउ समर्थक के बीच झड़प हुई है। यूपी के संभल में पुलिस ने लोगों पर लाठीचार्ज किया। इसमें कुछ लोग घायल हो गए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद स्थित निशान हायर सेकेंडरी स्कूल में वोट डाला। उनके साथ गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री सफेद कुर्ता-पायजामा और भगवा जैकेट पहने हुए थे। वहीं अमित शाह सफेद कुर्ता-पायजामा के साथ भगवा रंग का गमछा लिए हुए थे। पीएम मोदी कार से उतरने के बाद अमित शाह के साथ पैदल ही लोगों का अभिवादन करते हुए बूथ तक पहुंचे और मतदान किया।

वोट डालने के बाद प्रधानमंत्री ने बच्चों के हाथ पर ऑटोग्राफ दिया। लोगों के साथ तस्वीरें क्लिक करवाईं। एक बच्ची को गोद में लेकर हवा में उछाला।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने लोगों से बड़ी संख्या में वोटिंग की अपील की। साथ ही गर्मी को देखते हुए खूब सारा पानी पीने को कहा।

### फिलीपीन्स और श्रीलंका के दल ने देखी मतदान प्रक्रिया

लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया देखने आए फिलीपीन्स और श्रीलंका के 11 सदस्यीय दल ने सांची विधानसभा के दीवानगंज के मतदान केंद्र पहुंचकर चुनाव प्रक्रिया का जायजा लिया। यहां डेलीगेशन का फूल माला पहनाकर और तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

# पढ़े-लिखों को सबसे ज्यादा चूना लगा रहे हैं साइबर ठग

## 3 महीने में गाजियाबाद में लगाया सैकड़ों को चूना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के जरिए आवाज और फोटो के साथ वीडियो में छेड़छाड़ करके ठगी करने वाले शातिर साइबर अपराधी गाजियाबाद में अब तक सैकड़ों लोगों को चूना लगा चुके हैं।



**कभी सीबीआई अफसर, तो कभी रिश्तेदारों को रेप केस में फंसाने का दिया झांसा**

अगर साइबर क्राइम थाने के रिकॉर्ड पर नजर डालें तो बीते चार माह के दौरान गाजियाबाद में सैकड़ो ऐसे पढ़े लिखे और अधिकारी स्तर के लोग हैं जो इनका शिकार बने हैं। एआई तकनीक का इस्तेमाल करके कभी यह शातिर ठग लोगों को सीबीआई अफसर बताते हैं। तो कभी भोले-भाले लोगों के परिवार वालों को रेप केस में जेल भेजने से बचने के नाम पर ठगी करते हैं। ट्रांस हिंडन जोन से लेकर देहात और सिटी जोन में अब तक ऐसे सैकड़ों मामल सामने आ चुके हैं।

पुलिस और साइबर सेल इसको लेकर लगातार जागरूकता लाने का प्रयास कर रही है लेकिन शातिर ठग रोजाना लोगों को चूना लगा रहे हैं। बीते 15 दिनों में गाजियाबाद साइबर सेल थाने को लगभग 120 से अधिक मामलों की शिकायत मिल चुकी है।

### मामला-एक : स्कूल टीचर को किया फोन, बेटा है हमारी हिरासत में पैसे डालो वरना भेज देंगे जेल

**करंट क्राइम :** सिटी जोन के अंतर्गत पॉश इलाके में रहने वाली एक स्कूल की टीचर के पास फोन आया कि गुड़गांव में उनके बेटे को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उस पर रेप का आरोप है अगर उनको अपने बेटे को बचाना है तो फोन बिना काटे 50 हजार रुपये यूपीआई करें वरना पुलिस उसे गिरफ्तार करके ले जाएगी। फिर हम कुछ मदद नहीं कर पाएंगे। टीचर कुछ समझ नहीं पाई और उसने बेटे की भविष्य को बचाने के लिए 50 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। फोन काटा तो नंबर की जांच और पुलिस को शिकायत की तो मामला फर्जी नंबर के जरिए चूना लगाने का सामने आया। महिला ने साइबर सेल थाने में शिकायत दी, तो पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू की लेकिन इसमें कोई सफलता हासिल नहीं हो पाई।

### मामला-दो : बीसीए स्टूडेंट को एड कंपनी का पेमेंट कराने के लिए मामी की आवाज में किया फोन

करंट क्राइम : आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक का इस्तेमाल करके लोगों की आवाज और फोटो का यूज करते हुए साइबर ठग लोगों को आसानी से चूना लगा रहे हैं। मंगलवार को ऐसा ही मामला सिटी थानाक्षेत्र के अंतर्गत एक बीसीए स्टूडेंट के साथ आया है। उसकी मामी की एड एजेंसी है। मामी की आवाज में किसी ने फोन किया और 18000 रुपए अपने बैंक खाते में डलवा लिए। जब तक बीसीए स्टूडेंट इस पूरे ठगी को समझ पाता है या जानकारी हासिल कर पाता उसके अकाउंट से धनराशि कट चुकी थी। उसने इस मामले की शिकायत संबंधित थाने में की है। पुलिस ने शिकायत लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मामला-तीन : नेताओं, अधिकारी और व्यापारियों तक को आ रहे हैं फोन

करंट क्राइम : बीते दिनों सिटी थानाक्षेत्र में रहने वाले एक व्यापारी नेता को व्हाट्सएप पर पुलिस इंस्पेक्टर की फोटो लगे नंबर से फोन कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा कि उसकी बेटी को उसके बॉयफ्रेंड के साथ दबोचा गया है, अगर जेल जाने से बचना है तो 25 हजार रुपये ट्रांसफर करो वरना मुकदमा दर्ज हो जाएगा। व्यापारी को शक हुआ, दरअसल उसकी बेटी घर पर ही मौजूद थी। उन्होंने तत्काल नंबर ब्लॉक किया और स्थानीय पुलिस और साइबर सेल को शिकायत दी, लेकिन अभी इस मामले में आरोपी पुलिसकर्मी जो साइबर ठगी का काम कर रहा था, उसके बारे में कोई सुराग नहीं लाग पाई है।

### इन बातों का रखें ख्याल

- अगर कोई व्हाट्सएप कॉल करे और नंबर अनजान हो तो अलर्ट हो जाएं। आप ठगी का शिकार हो सकते हैं।
- कोई ऑनलाइन पेमेंट करने के लिए कहे तो उसकी पहले पहचान करें और ठगी होने पर तत्काल साइबर सेल थाने में शिकायत करें।
- ऐसी फर्जी कॉल आने पर सबसे पहले अपने परिजनों और जिसका वह नाम ले रहा हैं, उनसे फोन पर बातचीत करलें।
- अनजान व्हाट्सएप्प नंबरों को उठाने में परहेज करें। आवश्यक हो तभी बातचीत करें।
- किसी भी साइबर अपराध होने पर इसकी सूचना निकट थाने और साइबर सेल थाने को करें।



लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वह आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक के जरिए हो रही ठगी को लेकर अलर्ट रहें। अनजान नंबरों से बातचीत ना करें। किसी के साथ ऑनलाइन लेनदेन ना करें।
**सच्चिदानंद**, एडीसीपी क्राइम

# क्या नगर निगम में हाउस टैक्स को लेकर होने वाला है हाई वोल्टेज ड्रामा

### निगम एक्ट के जानकार पूर्व पार्षद खोलने जा रहे हैं मोर्चा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम में टैक्स को लेकर एक बार फिर हंगामा होने की स्थिति बन रही है। सूत्र बताते हैं कि मंगलवार को ये मामला निगम अधिकारी के मौखिक आदेशों के बाद गरमाया है।

निगम अधिकारी ने मौखिक बैठक में हाऊस टैक्स को डीएम सर्किल रेट पर वूसलने के निर्देश दिये हैं। लेकिन इनमें एक पेंच नए और पुराने को फंस रहा है। बताया जाता है कि 100 वार्डों में टैक्स के लिए नोटिस जारी होने हैं और इनमें नए टैक्स को डीएम सर्किल रेट पर लिया जायेगा। निगम एक्ट के जानकार पूर्व पार्षद का कहना है कि नगर निगम में एक ही टैक्स वसूलने की दो प्रणाली नहीं हो सकती। सूत्र बता रहे हैं कि लैटर शासन को भेजा है और शासन ने भी यहां बॉल अधिकारी के पाले में डाली है और वहीं एक्ट के जानकार पूर्व पार्षद कह रहे हैं कि जब पहले ही टैक्स बढ़ा दिया तो अब नियमानुसार टैक्स नहीं बढ़ाया जा सकता है।

प्रत्येक दो वर्ष में एक बार टैक्स बढ़ाने का प्राविधान है और एक साल पहले ही ये टैक्स बढ़ाया गया है। सूत्र बताते हैं कि टैक्स की दरों का स्लैब तैयार कर शासन को भेजा गया है और अब इस पर उधर से जवाब आया है।




### निगम एक्ट से बड़ा ना शासन है और ना ही निगम

करंट क्राइम। हाऊस टैक्स को लेकर निगम के सदन से लेकर निगम के बाहर तक हाई वोल्टेज ड्रामा हो सकता है। सदन के भीतर पार्षद इस आवाज को उठायेगें लेकिन सदन से बाहर निगम एक्ट के जानकार और सीनियर पार्षद मोर्चा खोलने की तैयारी में है। वो कह चुके हैं कि निगम एक्ट से बड़ा ना तो शासन है और ना ही नगर निगम के अधिकारी हैं। उनका कहना है कि वो इस मामले में कोर्ट की भी शरण लेंगे और विधि सम्मत तरीके से बात रखेंगे और उनका कहना है कि वो अधिकारियों की मनमानी नहीं चलने देंगे।

# उत्तर प्रदेश की 10 सीटों पर 5 बजे तक 55.13% वोटिंग

### संभल में लाठीचार्ज, पुलिस ने दौड़ाकर पीटा

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में उत्तर प्रदेश की 10 सीट पर मंगलवार शाम पांच बजे तक औसत 55.13 प्रतिशत मतदान हुआ। वोटर टर्नआउट ऐप के मुताबिक, शाम पांच बजे तक आगरा में 51.53 प्रतिशत, एटा में 57.07%, आंवला में 54.73%, फतेहपुर सीकरी में 54.93%, फिरोजाबाद में 56.27%, बदायूं में 52.77%, बरेली में 54.21%, मैनपुरी में 55.88%, संभल में 61.10% और हाथरस में 53.54 प्रतिशत मतदान हुआ।

तीसरे चरण में कुल 1,89,14,788 (1 करोड़ 89 लाख 14 हजार 788) मतदाता हैं, जिसमें 1,01,44,345 (एक करोड़ एक लाख 44 हजार 345) पुरुष मतदाता और 87,69,696 (87 लाख 69 हजार 696) महिला मतदाता एवं 747 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं। मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता आगरा (सु.) (20 लाख 72 हजार 685) तथा सबसे कम मतदाता एटा (17 लाख 524) लोकसभा सीट पर हैं। इन 10 लोकसभा सीटों पर 100 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें आठ महिला प्रत्याशी हैं। सबसे अधिक 13 प्रत्याशी बरेली एवं सबसे कम सात प्रत्याशी फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर हैं। कुल 20415 पोलिंग बूथ तथा 12339 मतदान केंद्र हैं। पोलिंग बूथ में से 4390 क्रिटिकल हैं।

# पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने किया विधानसभा की दावेदारी से इंकार

वरिष्ठ संवाददाता

## बोले मैं पार्टी का कार्यकर्ता और नहीं है मेरा ऐसा कोई विचार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनाव लोकसभा का चल रहा है और लोकसभा के चुनाव में गाजियाबाद में एक चुनाव अंदरखाने विधानसभा का भी लड़ा जा रहा है। प्रचार लोकसभा का और दावेदार विधानसभा के नजर आये हैं। दरअसल सभी जानते हैं कि यह लोकसभा सीट भाजपा का गढ़ है और भाजपा यहां अपनी जीत को लेकर मुतमई है। यही वजह है कि भाजपा के अधिकांश विधानसभा दावेदार लोकसभा चुनाव में ही खुद को तैयार कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि अन्य दलों में दावेदार नहीं है लेकिन भाजपा में यह तूफान थोड़ा ज्यादा है। दावेदारी के इस माहौल में करंट क्राइम ने उस चेहरे से बात की जो राज्यसभा सांसद रहे है और राज्यसभा सांसद रहते हुए खुद की लोकसभा दावेदारी को स्वीकार किया था। दैनिक करंट क्राइम ने जब उनसे बात की तो यहां अनिल अग्रवाल ने कहा कि मैं पार्टी के निर्णयों पर चलने वाला व्यक्ति हूं। नरेन्द्र मोदी मेरे नेता हैं और पार्टी के सिद्धान्त, पार्टी की नीतियां मेरे लिए सर्वोपरि हैं। शहर सीट से मेरा दावेदारी का कोई इरादा नहीं है। अनिल अग्रवाल ने शहर सीट से अपनी दावेदारी को लेकर स्पष्ट इंकार किया।



**बदल रहे हैं अब सियासी रूल** – करंट क्राइम। राज्यसभा सांसद रहे अनिल अग्रवाल का नाम दावेदारी में है लेकिन वो इससे इंकार कर रहे हैं। लेकिन कहने वाले कह रहे हैं कि अब राजनीतिक सियासत भी बदल रही है और राजनीतिक विरासत भी बदल रही है। इसलिए राज्यसभा सांसद रह चुके चेहरे का विधानसभा चुनाव लड़ना कोई अचंभे की बात नहीं होगी। बताया गया कि बेबी रानी मौर्या उत्तराखंड की गर्वनर रहीं है और गर्वनर पद के बाद उन्होंने उत्तर प्रदेश में विधानसभा का चुनाव लड़ा और वो मौजूदा समय में उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री हैं। शनवाज केन्द्र सरकार में मंत्री रहे और बाद में वो बिहार में एमएलसी बने। ऐसे में कुछ भी हो सकता है तो इस कुछ भी में राज्यसभा वालों का विधानसभा चुनाव लड़ने वाला समीकरण भी शामिल है। वैसे भी पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल ने राज्यसभा सांसद रहते हुए ही लोकसभा की प्रबल दावेदारी की थी। माहौल उन्हीं ने बनाया था और उनके नाम की चर्चा भी थी मगर बाद में पर्चा भरने का मौका शहर विधायक अतुल गर्ग को मिला।

### अब तक आ चुके हैं 56 दावेदारों के नाम

करंट क्राइम। ये भी एक राजनीतिक समीकरण हैं जिसमें खिलाड़ी सब हैं लेकिन बोल कोई नहीं रहा है। ये पहला मौका है जब लोकसभा के चुनाव में विधानसभा चुनाव की बिसात बिछ रही है। कभी ठाकुर लेडी का नाम आता है तो कभी वैश्य चेहरे का जिक्र होने लगता है। कभी ओबीसी को बढ़ाने की बात आती है तो कभी ब्राहम्ण फैक्टर पर चर्चा होने लगती है। कभी एक नाम नदिया पार से आता है तो कभी चार दावेदार लाईन पार के एक्टिव हो जाते हैं। टिकट मांगना कार्यकर्ता का हक है और दावेदारी से किसी को रोका नहीं जा सकता। बताने वाले बता रहे है कि सीन तो अब तक 56 वाला आ चुका है। आप विधानसभा की बात कर रहे हैं और विधानसभा में हर चौथे मौहल्ले से एक दावेदार निकल रहा है। गिनती करने बैठ गये तो संख्या 56 के भी पार हो जायेगी।

# सपा नेताओं ने ली अपने बूथ पर जीत की गारंटी, कहा बूथ, विधानसभाओं और लोकसभा पर भारी पड़ेंगे हम

## समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेताओं से जाना दैनिक करंट क्राइम ने चुनावी हाल




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गजियाबाद लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान हो चुका है। मतदान होने के बाद अलग-अलग राजनीतिक दल अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। ऐसे में दैनिक करंट क्राइम ने समाजवादी पार्टी के गाजियाबाद के नेताओं से जाना कि वह अपने बूथ पर जीत को लेकर कितने आश्वस्त हैं। साथ ही समाजवादी पार्टी के नेताओं से मतदान के बाद आने वाले परिणामों को लेकर भी बातचीत की गई। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने जहां विधानसभा और लोकसभा जीत का दावा किया है। तो वहीं पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी भी गठबंधन प्रत्याशी डॉली शर्मा को मजबूत बता रहे हैं । इसी के साथ पुराने सपा नेता जेपी कश्यप का कहना है कि एक नहीं सारे बूथ पर समाजवादी पार्टी भारी पड़ेगी। समाजवादी पार्टी के नताओं से बातचीत कर प्रस्तुत है। अलग-अलग नेताओं ने बूथ पर जीत की गारंटी को लेकर क्या राय दी है।

### मेरे बूथ और विधानसभा पर होगी जीत : वीरेंद्र यादव



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव का कहना है कि बूथ पर तो समाजवादी पार्टी की गठबंधन प्रत्याशी डॉली शर्मा को विजय मिलेगी ही। उनको उम्मीद है कि साहिबाबाद विधानसभा में भी हाथ और साइकिल का कमाल देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया है कि जिस तरीके के परिणाम पश्चिम में चल रहे हैं उसका असर पूरब और अन्य जनपदों में भी देखने को मिलेगा।

### हमारे बूथ पर होगी समाजवादी-कांग्रेस की जीत : जेपी कश्यप



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के पुराने नेता जेपी कश्यप का कहना है कि लोकसभा चुनाव का जब परिणाम आएगा तो कांग्रेस और समाजवादी पार्टी से संयुक्त प्रत्याशी डॉली शर्मा हमारे बूथ से लेकर सभी बूथ पर विजय हासिल करेगी। उनको उम्मीद है कि गठबंधन के प्रत्याशी की गाजियाबाद लोकसभा सीट पर रिकार्ड मतों से विजय होने वाली है।

### अपने बूथ पर जीत की है गारंटी पर ईवीएम बदले जाने का है डर : मधु चौधरी



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी की महिला नेत्री मधु चौधरी ने कहा है कि जिस प्रकार से गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा का चुनाव प्रचार और उनके पक्ष में वोट डले हैं। उससे बूथ पर तो जीत शत प्रतिशत हो रही है लेकिन उनको डर है की कही जनता से घबरा रही पार्टी ईवीएम ना बदलवा दे। उन्होंने कहा है कि उनको डर है कि कहीं ईवीएम को लेकर गड़बड़ी न हो। इसीलिए गठबंधन प्रत्याशी के लोग ईवीएम की निगरानी भी कर रहे हैं।

### अपना बूथ ही नहीं ब्लॉक, विधानसभा और लोकसभा भी जीतेंगे : फैसल हुसैन



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन लोकसभा चुनाव गाजियाबाद में संपन्न होने के बाद कन्नौज की तैयारी में जुटे हुए हैं। दैनिक करंट क्राइम ने उनसे बातचीत की तो उन्होंने कहा कि वह बूथ की जीत के लिए तो पूरी तरह श्योर हैं। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया है कि वह डासना और राजपुर ब्लॉक के साथ ही अपने गांव और धौलाना विधानसभा के साथ-साथ लोकसभा का चुनाव भी अच्छे खासे मतों से जीत रहे हैं। फैसल ने दावा किया है कि जिस हिसाब से डॉली शर्मा की गठबंधन प्रत्याशी के रूप में हवा चली है, इसका परिणाम 4 जून को सामने आ ही जाएगा।

### अपने बूथ के साथ सेंटर भी जीतेंगे हम : राहुल चौधरी



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी का कहना है कि उन्होंने पहले भी कई चुनाव में बूथ से लेकर कई बूथों को मिलाकर बनने वाले सेंटर पर समाजवादी पार्टी को विजय दिलाई है। इस चुनाव में भी ऐसा ही होने वाला है। राहुल चौधरी का कहना है की डॉली शर्मा जिस मजबूती के साथ चुनाव लड़ी हैं, उनका गठबंधन के सभी सहयोगियों ने भरपूर सहयोग किया है । इसका परिणाम अवश्य मिलेगा। उन्होंने कहा है कि वह अपने बूथ के साथ-साथ सेंटर की भी जीत वाली पूरी जिम्मेदारी ले रहे हैं।

### मेरे बूथ और वार्ड दोनों में होगी जीत : राज देवी चौधरी



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ महिला नेत्री और उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की पूर्व सदस्य राजदेवी चौधरी का कहना है कि वैसे तो चुनावी सीजन में उनकी तबीयत खराब थीं। लेकिन उनके पास जो इनपुट आया है, उसके अनुसार बूथ की गारंटी के साथ वह वार्ड को लेकर भी पूरी तरह भरोसे में है। उनका कहना है कि डॉली शर्मा गठबंधन प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज करेंगी। राज देवी चौधरी ने कहा है कि जिस तरीके से इस बार जनता का मूड था, उसका वेतन परिणाम आएगा।

### मेरे बूथ पर है जीत की गारंटी : जीतू शर्मा



करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के युवा नेता और अलग-अलग आंदोलन करने वाले जीतू शर्मा का कहना है कि बूथ की जीत की गारंटी तो है ही। इसके साथ ही जिस प्रकार से डॉली शर्मा को लोगों ने मन से चुनाव लड़ाया है और उनका समर्थन किया है उसके बेहतर परिणाम आएंगे। उनको उम्मीद है कि गठबंधन की प्रत्याशी और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत बेकार नहीं जाएगी।

# सीएम केजरीवाल की जमानत याचिका पर कोर्ट ने नहीं दिया कोई फैसला, बिना कोई आदेश दिए उठी बेंच

## सुप्रीम कोर्ट बेंच गुरुवार या फिर अगले हफ्ते केजरीवाल की याचिका पर आदेश कर सकती हैं पारित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल के वकील सिंघवी से कहा कि अगर हम अंतरिम जमानत देते हैं तो केजरीवाल बतौर सीएम आधिकारिक काम नहीं कर पाएंगे क्योंकि इससे समस्या हो सकती है और हम सरकार के कामकाज में दखल नहीं देना चाहते। दिल्ली शराब घोटाले में जेल में बंद दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की बेंच बिना कोई आदेश दिए उठ गई। अब सुप्रीम कोर्ट बेंच गुरुवार या फिर अगले हफ्ते केजरीवाल की याचिका पर आदेश पारित कर सकती है। केजरीवाल ने कोर्ट में अंतरिम जमानत देने की मांग की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए 3 मई को जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा था कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर विचार किया जा सकता है ताकि वे चुनाव प्रचार में शामिल हो सकें। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल के वकील सिंघवी से कहा कि अगर हम अंतरिम जमानत देते हैं तो केजरीवाल बतौर सीएम आधिकारिक काम नहीं कर पाएंगे क्योंकि इससे समस्या हो सकती है और हम सरकार के कामकाज में दखल नहीं देना चाहते। सिंघवी बोले- केजरीवाल के खिलाफ सबूत नहीं केजरीवाल की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दलीलें रखीं। केजरीवाल के वकील सिंघवी का कहना है कि मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई सबूत नहीं हैं और उनकी गिरफ्तारी गैरकानूनी है। जांच एजेंसी के सामने पेश न होना गिरफ्तारी का आधार नहीं हो सकता। वहीं एसवी राजू का कहना है कि गिरफ्तारी का फैसला सिर्फ जांच अधिकारियों का ही नहीं था, बल्कि एक स्पेशल जज द्वारा भी इसका फैसला लिया गया था।





### ईडी ने किया केजरीवाल की जमानत का विरोध

मामले की सुनवाई के दौरान ईडी ने कोर्ट को बताया कि अरविंद केजरीवाल साल 2022 में गोवा विधानसभा चुनाव के दौरान 7 स्टार ग्रैंड हयात होटल में ठहरे थे और होटल के बिल का भुगतान चनप्रीत सिंह द्वारा किया गया था। चनप्रीत सिंह पर आरोप है कि गोवा चुनाव में आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार के लिए उन्हें ही कथित तौर पर फंड मिला था। ईडी के वकील एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत का विरोध करते हुए कहा कि 'यह राजनीति से प्रेरित मामला नहीं है। हम इस मामले में हो रही राजनीति को लेकर चिंतित नहीं हैं, लेकिन हमारी चिंता सबूतों को लेकर है। शुरूआत में अरविंद केजरीवाल पर हमारा फोकस नहीं था और न ही ईडी केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई का विचार कर रही थी, लेकिन जैसे जैसे जांच आगे बढ़ी तो केजरीवाल की भूमिका साफ हो गई।'

# बृज भूषण को राहत: महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में आदेश टला, बढ़ा इंतजार



**नई दिल्ली।** महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न मामले में भाजपा नेता बृज भूषण सिंह पर 10 मई को आदेश आ सकता है। फिलहाल, चार्ज फ्रेम का इंतजार बढ़ता ही जा रहा है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को बृज भूषण सिंह और एक अन्य के खिलाफ छह महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न मामले में आरोप तय करने पर आदेश टाल दिया है। अब इस मामले में 10 मई को आदेश आ सकता है। इससे पहले 26 अप्रैल को अदालत ने महिला पहलवान यौन शोषण मामले में आरोपी भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह की उस अर्जी को खारिज कर दिया था। जिसमें उन्होंने महिला पहलवानों द्वारा उनके खिलाफ दायर यौन उत्पीड़न मामले में आगे की जांच की मांग की थी। राउज एवेन्यू कोर्ट की अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत ने 7 मई को मामले में आरोप तय करने का आदेश दिया था। जानकारी के लिए बता दें कि भाजपा सांसद द्वारा आवेदन दायर करने के बाद 18 अप्रैल को अदालत ने सिंह के खिलाफ आरोप तय करने पर आदेश टाल दिया था। अपने आवेदन में सिंह ने आरोप तय करने पर आगे की दलीलें पेश करने की अनुमति मांगी। उन्होंने दिल्ली पुलिस को घटना की कथित तारीख सात सितंबर 2022 को डब्ल्यूएफआई कार्यालय में उनकी उपस्थिति के संबंध में जांच करने का निर्देश देने की मांग की। उन्होंने दावा किया था कि वह संबंधित तारीख पर भारत में नहीं थे। ताजा आवेदन में दिल्ली पुलिस को सीडीआर रिकॉर्ड में रखने का निर्देश देने की भी मांग की गई। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश एपीपी अतुल श्रीवास्तव ने आवेदन का विरोध किया था और कहा था कि इसे देरी से दायर किया गया है। उन्होंने कहा था कुछ रुकावट होनी चाहिए। उन्होंने तर्क दिया था कि आवेदन आगे की जांच की मांग करने जैसा है और इसके कानूनी निहितार्थ होंगे जिन पर बहस करनी होगी।

शिकायतकताओं की ओर से पेश वकील ने कहा था कि आवेदन में देरी करने की रणनीति थी और सीआरपीसी की धारा 207 के स्तर पर दस्तावेज मांगे जा सकते थे। सिंह इस मामले में सह-अभियुक्त विनोद तोमर, जो भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व सहायक सचिव हैं के साथ जमानत पर हैं।

## न्यूज डायरी

### चरणजीत सिंह चन्नी के बयान को भाजपा नेता दिनेश सिंह बब्बू ने कहा शहीदों का अपमान



**पठानकोट।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ में हुए आतंकी हमले पर पंजाब के पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी की टिप्पणी पर सियासत जारी है। गुरदासपुर से भाजपा उम्मीदवार दिनेश सिंह बब्बू ने उनके बयान को शहीदों का अपमान बताया है। पुंछ में हुए आतंकी हमले को चरणजीत सिंह चन्नी द्वारा बीजेपी का स्टंट बताए जाने पर गुरदासपुर से भाजपा उम्मीदवार दिनेश सिंह बब्बू ने कहा कि कांग्रेसी पहले भी सर्जिकल स्ट्राइक पर उंगलियां उठाते रही है। कांग्रेस देश की आर्मी पर शक करती है, जो जवान बॉर्डर पर दिन-रात दुश्मनों का मुकाबला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास कहने के लिए कुछ भी नहीं है, न उनके पास पीएम मोदी के खिलाफ कहने के लिए कुछ है और न ही पंजाब में चुनाव लड़ने वाले भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ। चरणजीत सिंह चन्नी का बयान गलत है, यह शहीदों का अपमान है। बता दें कि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी ने पुंछ आतंकी हमले को भाजपा का चुनाव पूर्व स्टंट बताया था। जालंधर में एक चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कहा था कि ये सब स्टंट है, ये आतंकवादी हमला नहीं है। इसमें कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा था कि भाजपा लोगों के जिंदगी के साथ खेल रही है। साल 2019 में पुलवामा में हुए हमले का जिक्र करते हुए चन्नी ने कहा कि ये हमले वास्तव में हो नहीं रहे, बल्कि सिर्फ भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए कराए जा रहे हैं। जब भी चुनाव होते हैं, तो ऐसे स्टंट किए जाते हैं, जैसा कि पिछली बार हुआ था, जिसमें सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे।

### वोट डालवाने के लिए 103 वर्षीय बुजुर्ग महिला को हाथ पकड़कर बूथ तक ले गए सिंधिया

**शिवपुरी।** गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में मंगलवार को वोटिंग के दौरान एक बुजुर्ग महिला वोट डालने पहुंची। इस दौरान यहां के बीजेपी उम्मीदवार ज्योतिरादित्य सिंधिया का अलग अंदाज देखने को मिला। दरअसल, बामोर कलां ग्राम पंचायत में 103 वर्षीय एक महिला वोट डालने पहुंची। उन पर भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया की नजर पड़ी। इसके बाद सिंधिया ने वृद्ध महिला का हाथ पकड़कर उन्हें वोट दिलाने बूथ तक ले गए। गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट से कुल 15 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया और कांग्रेस प्रत्याशी यादवेंद्र सिंह यादव के बीच टक्कर देखने को मिल रहा है। गुना सीट को सिंधिया का गढ़ माना जाता है। हालांकि, साल 2019 में इसी सीट से ज्योतिरादित्य सिंधिया को हार का सामना करना पड़ा था। बता दें कि लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 93 लोकसभा सीटों के लिये वोट डाले जा रहे हैं। तीसरे चरण के मतदान में 1351 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होना है। 1351 प्रत्याशियों की सूची में गृह मंत्री अमित शाह, ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान, दिग्विजय सिंह, सुप्रिया सुले जैसे दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं।



# हरियाणा में भाजपा को झटका, तीन निर्दलीय विधायकों ने समर्थन वापस ले लिया



**रोहतक।** रोहतक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा के साथ निर्दलीय विधायक दादरी से सोमबीर सांगवान, पुंडरी से रणधीर गोलन और धर्मपाल गोंधर कांग्रेस का समर्थन करने पहुंचे है। हरियाणा में भाजपा को झटका लगा है। तीन निर्दलीय विधायकों ने भाजपा से समर्थन वापस ले लिया है। हरियाणा में उन्होंने कांग्रेस में को बाहर से समर्थन देने का एलान कर दिया है। साथ ही आने वाले विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस के साथ रहने की बात कही है। तीन विधायक रोहतक पहुंचे हैं। यहां उन्होंने नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ प्रेस कांफ्रेंस की है। तीन विधायक प्रेसवार्ता में पहुंच हैं। वहीं एक और निर्दलीय विधायक के बारे में समर्थन वापस लेने की चर्चा है। उनका अभी इंतजार है। नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान भी प्रेस वार्ता में मौजूद हैं। विधायकों ने नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार से अपना समर्थन वापस लेते हुए महंगाई बढ़ने और बेरोजगारी का मुद्दा उठाया है।

### सही समय पर सही फैसला लिया : हुड्डा

नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने तीनों विधायकों का स्वागत किया और कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि मौजूदा सरकार से लोगों का मोह भंग हो गया है और जनभावना को देखते हुए ही इन्होंने फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि यह ठीक समय पर ठीक फैसला लिया गया है। कांग्रेस के पक्ष में लहर चल रही है, इसमें इनका भी योगदान होगा कि ये बाहर से कांग्रेस का समर्थन करेंगे। इन्होंने जनभावनाओं की कदर करते हुए ये फैसला लिया है।

# सोनीपत में निकाली भाजपा की विजय संकल्प रैली सीएम नायब सैनी का विपक्ष पर तंज, कांग्रेस के पास न नीयत और ना ही नीति




**सोनीपत।** सोनीपत में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विजय संकल्प रैली से कार्यकताओं में जोश भरने का काम करते हुए अबकी बार 400 पार, तीसरी बार मोदी सरकार के नारे लगाए। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस राज में भ्रष्टाचार चरम पर था। सोनीपत में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के पास न नीयत है और ना ही नीति है। कांग्रेस भाईचारा बिगाड़कर वोट मांग रही है।

कांग्रेस सरकार में जनता को न पर्याप्त बिजली मिल पा रही थी और ना ही गैस सिलिंडर। भाजपा सरकार ने जनता की परेशानी को दूर किया है। शहर से लेकर गांवों तक पर्याप्त बिजली दी जा रही है। गैस सिलिंडर के लिए अब लाइनों में नहीं लगना पड़ता। मुख्यमत्री मंगलवार को बरोदा हलके के गांव बली ब्राह्मणान में आयोजित विजय संकल्प रैली में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आने वाली 25 मई को लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बड़ौली को वोट देने की अपील की।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने विजय संकल्प रैली से कार्यकताओं में जोश भरने का काम करते हुए अबकी बार 400 पार, तीसरी बार मोदी सरकार के नारे लगाए। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस राज में भ्रष्टाचार चरम पर था। देश के विकास की किसी को चिंता नहीं थी। एक रुपये में से 15 पैसे ही जनता तक पहुंच रहे थे। भाजपा सरकार ने सबसे पहले भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का काम किया है, जिससे मोदी सरकार पर जनता का विश्वास बढ़ा है। इस दौरान कृषि मंत्री जेपी दलाल, पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा, महिपाल ढांडा, योगेश्वर दत्त, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, गन्नौर विधायक निर्मल चौधरी, संतोष अहलावत, शुभकरण चौधरी, जसबीर दोदवा, प्रदीप सांगवान, रामफल चिड़ाना, निशांत छोक्कर सहित अन्य मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने एक बार फिर फिरोजपुर लोकसभा सीट से शेर सिंह घुबाया को मैदान में उतारा



**चंडीगढ़।** कांग्रेस ने एक बार फिर फिरोजपुर लोकसभा सीट पर शेर सिंह घुबाया को चुनाव मैदान में उतारा है। इसी के साथ पार्टी ने सभी 13 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। घुबाया 2019 में अकाली दल बादल से नाता तोड़ कांग्रेस में शामिल हुए थे। घुबाया दो बार अकाली दल से सांसद रह चुके हैं। पार्टी के अध्यक्ष सुखबीर बादल से मनमुटाव होने के चलते घुबाया ने पार्टी छोड़ दी थी। घुबाया राय सिख बिरादरी से संबंधित है।

लोकसभा हलका फिरोजपुर में सिर्फ कांग्रेस ने ही राय सिख बिरादरी को महत्व देते हुए इनकी बिरादरी का प्रत्याशी उतारा है। फिरोजपुर में सबसे अधिक वोटें राय सिख बिरादरी की है। घुबाया ने पहली बार वर्ष 1995 में सियासत में कदम रखा था। गांव में पंच, सरपंच व ब्लाक समिति के चुनाव लड़े और जीते। सियासत में घुबाया का रुतबा लगातार बढ़ने लगा था। अकाली दल ने 1997 में हुए विधानसभा चुनाव में घुबाया को जलालाबाद विधानसभा हलके से टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा। उस समय घुबाया ने कांग्रेस के सीनियर नेता (प्रत्याशी) हंस राज जोसन को 3397 मतों से पराजित किया था। 2002 में हुए विधानसभा चुनाव में फिर से अकाली दल ने घुबाया को जलालाबाद से टिकट दी, लेकिन कांग्रेसी उम्मीदवार हंस राज जोसन से 4331 मतों से हार गए। 2007 में फिर हुए विधानसभा चुनाव में अकाली दल ने घुबाया को टिकट देकर जलालाबाद से कांग्रेसी प्रत्याशी हंस राज जोसन के मुकाबले खड़ा किया। घुबाया 44077 मतों से जीत गए।

अकाली दल ने 2009 में हुए लोकसभा चुनाव में जोरा सिंह मान (अकाली दल के सांसद) को टिकट न देकर घुबाया को टिकट देकर फिरोजपुर लोकसभा हलके से चुनाव मैदान में उतारा था। घुबाया ने कांग्रेसी प्रत्याशी जगमीत सिंह बराड़ को 21071 मतों से पराजित किया था। जलालाबाद विधानसभा सीट पर उपचुनाव करवाए गए तो यहां से सुखबीर बादल चुनाव लड़े, जो जीत गए थे।

2014 में हुए लोक सभा चुनाव में अकाली दल ने फिर से घुबाया को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा। घुबाया ने कांग्रेसी प्रत्याशी सुनील जाखड़ को 31420 मतों से हरा दिया था। सियासी जानकारों के मुताबिक घुबाया अपने बेटे दविंदर सिंह घुबाया को अकाली दल से विधानसभा चुनाव लड़वाने के लिए पार्टी से टिकट की मांग कर रहे थे लेकिन पार्टी ने टिकट देने से इनकार कर दिया था। इसी कारण सुखबीर से मनमुटाव चलता रहा। कांग्रेसी नेता सुनील जाखड़ इसी का फायदा उठाकर साल 2019 में घुबाया को कांग्रेस में ले आए और राहुल की अगुवाई में कांग्रेस में शामिल करवा दिया था।

कांग्रेस ने 2019 के लोकसभा चुनाव में घुबाया को टिकट देकर फिरोजपुर लोकसभा हलके से चुनाव मैदान में अकाली दल के प्रत्याशी सुखबीर बादल के मुकाबले उतारा था। लेकिन घुबाया 198850 मतों से पराजित हो गए थे। अब फिर से कांग्रेस ने घुबाया पर विश्वास जताते हुए फिरोजपुर लोकसभा हलके से चुनाव मैदान में उतारा है।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ ने पहली बार दिया वोटर्स को खास संदेश



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देशवासियों से चुनावों में उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की है। फर्स्ट टाइम वोटर्स को उपराष्ट्रपति धनखड़ ने दिया खास संदेश देश में चल रहे तीसरे चरण के मतदान के बीच एक वीडियो संदेश में उन्होने कहा कि वोट देना हर नागरिक का अधिकार है और कर्तव्य भी है। विशेष रूप से पहली बार वोट डालने वाले मतदाताओं से उन्होंने मतदान अवश्य करने को कहा है।

उपराष्ट्रपति का कहना है कि आपका वोट शासन व्यवस्था में आपकी भागीदारी को सुनिश्चित करेगा। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में वोट अवश्य करें, हर हालत में करें। प्रजातंत्र में प्रजा हमारी मालिक है, प्रजा सर्वोपरि है। आपका वोट भारत का वर्तमान और भारत का भविष्य तय करेगा। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए वोटिंग जारी है। लोकसभा चुनाव के अभी चार चरण और होने हैं। लोकसभा चुनाव की यह प्रक्रिया एक जून तक जारी रहेगी। एक जून को मतदान का आखिरी चरण है और 4 जून को वोटों की गिनती होगी। इस बीच उपराष्ट्रपति ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि वोट देना आपका अधिकार और कर्तव्य है। आपका वोट शासन की रूपरेखा, अर्थव्यवस्था की स्थिति और दुनिया में हमारी ताकत को परिभाषित करेगा।

# राम पर आस्था रखने वाले विकास कर सकते हैं, आतंकियों के मुकदमे वापस लेने वाले नहीं : सीएम योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीतापुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार विकास कर रही है। भगवान राम के अस्तित्व को नकारने वाले विकास नहीं कर सकते। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीतापुर के नैमिषराण्य में अपने भाषण की शुरूआत रामचरितमानस की पंक्तियों के साथ की है। उन्होंने कहा कि तीर्थवर नैमिष विख्याता.... मैं नैमिष की इस पवित्र धरा को प्रणाम करता हूं। वह मंगलवार को चुनाव प्रचार के सिलसिले में एक जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। जहां उन्होंने कांग्रेस और सपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज मुझे एक बार फिर भारत के वैदिक ज्ञान की परंपरा को प्रदान करने वाली पावन धरा... मां ललिता की इस दैवीय शक्ति वाली धरा में आने का सौभाग्य मिला। यह नैमिष का ही महत्व है कि आज दुनिया जनपद सीतापुर और उत्तर प्रदेश की ओर देख रही है। जब भी कोई राम के अस्तित्व को नकारने का काम करता है तो नैमिषारण्य की धरती प्रमाण के साथ खड़ी होती है। भगवान राम के अस्तित्व, कृष्ण के अस्तित्व को चुनौती देना एक फैशन सा बन गया है। इसके बारे में यही कहूंगा विनाशकाले विपरीत बुद्धि। जब किसी की बुद्धि भ्रष्ट होती है तो वह आपके सनातन धर्म को अपशब्द कहता है। यहां प्रभु श्रीराम की सत्ता को चुनौती देने वाले कहां ठहर पाएंगे। बीते 10 साल में भाजपा की डबल इंजन सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। जैसे एक नई अयोध्या तैयार हो गई है, ऐसे ही एक नया नैमिषारण्य बनकर तैयार हो रहा है। मां ललिता के धाम के पुनरुद्धार के लिए सरकार कार्य कर रही है

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जिस दिन नया नैमिषारण्य पूरी तरह उभर कर आएगा, रोजगार भी सृजित होगा। यह काम वही कर सकता है जो राम पर आस्था रखता हो। जो राम भक्त है। यह काम भाजपा ही कर सकती है। यह वो नहीं कर सकते जो आतंकवादियों के मुकदमे वापस लेते हैं। तीसरे चरण में फिर से मतदान हो रहा है। यह 400 पार करने का लक्ष्य नजदीक आ गया है। अबकी बार मोदी सरकार फिर आएगी। 400 का लक्ष्य भी पूरा होगा। आज की पीढ़ी सौभाग्यशाली है, जिसने बदलते भारत को देखा है। आज की पीढ़ी कह सकती है कि हमने वो काल देखा है जब प्रभु श्रीराम अयोध्या में विराजमान हुए। आतंकवाद को नेस्तनाबूत करके हमेशा के लिए राम नाम सत्य कर दिया। हमने वो भारत देखा है जब हाईवे, एक्सप्रेस वे, ट्रिपल आईटी से लेकर हर घर जल की योजना लागू हो रही है। 80 करोड़ लोग राशन की सुविधा का फ्री में लाभ प्राप्त कर रहे हैं। अब तक 12 करोड़ लोगों को शौचालय दिए जा चुके हैं। 12 करोड़ लोगों को किसान सम्मान निधि प्राप्त हो रही है। सीतापुर जिले को सर्वाधिक गैस सिलेंडर व शौचालय दिए गए। जिनके घर मे सिलेंडर नहीं हैं। चुनाव के बाद उन्हें मिलेगा। जिसको घर नहीं मिल पाया है चुनाव बाद घर मिलेगा।

कांग्रेस-सपा की सरकारों में अयोध्या-काशी में हमला होता था मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जब आपका वोट कांग्रेस या सपा को जाता था तो अयोध्या में और काशी में हमला होता था। आज मंगलवार का दिन है सपा ने संकटमोचक मंदिर में हमला करवाया था।

# टिकट बंटवारे में सर्व समाज को उचित भागीदारी दी : मायावती



**लखीमपुर खीरी।** बसपा प्रमुख ने आगे कहा कि मुझे मालूम है कि यहां सिख समाज के लोग काफी संख्या में हैं। जब भी किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन हुआ है तब भाजपा के लोगों ने ज्यादती की। किसानों को जुल्म-ज्यादती का शिकार होना पड़ा है। यहां भाजपा के जो सांसद उम्मीदवार हैं, उन्होंने किसानों का शोषण किया है। इस चुनाव में उनकी जमानत जब्त कराने का काम करना है।

मायावती ने आगे कहा कि बहुजन समाज पार्टी अकेले दम पर चुनाव लड़ रही है और उसका किसी भी दल से कोई गठबंधन नहीं है। भाजपा ने किसान आंदोलन को कुचला है। इस चुनाव में कोई नाटकबाजी, जुमलेबाजी, गारंटी काम नहीं आ रही। बसपा ने टिकट बंटवारे में सर्व समाज को उचित भागीदारी दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा कहती है कि हम राशन फ्री दे रहे हैं, जबकि, राशन वह फ्री नहीं दे रही, हम लोग जो टैक्स अदा करते हैं, उससे राशन मिलता है।

भाजपा सरकार में रोजगार नहीं है, संविधान को खत्म करने की साजिश हो रही है, जिसे बहुजन समाज कभी सफल नहीं होने देगी।

### 10 मई को कन्नौज और कानपुर में संयुक्त जनसभा को संबोधित करेंगे राहुल गांधी, अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व कांग्रेस नेता राहुल गांधी कन्नौज और कानपुर में संयुक्त रूप से जनसभा को संबोधित करेंगे। इसका एलान कर दिया गया है। अयोध्या और कानपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के बाद अब इंडिया गठबंधन ने अपने अगले कदम का एलान कर दिया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 10 मई को पहले कन्नौज और फिर कानपुर में संयुक्त रूप से जनसभा को संबोधित करेंगे। इस संबंध में कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। राहुल गांधी आने वाले शुक्रवार को अखिलेश यादव के समर्थन में कन्नौज में जनसभा को संबोधित करेंगे। अखिलेश यादव कन्नौज लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी हैं।

**नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम बैंक ऑफ बड़ौदा के खाता न. 38200100001970 में CHATERPAL दर्ज है जो गलत है मेरा सही नाम चतर पाल सिंह CHATAR PAL SINGH है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

चतरपाल सिंह पुत्र श्री रूपा
निवासी म.न. 326 गली नं. 11
गंगा विहार मुरादनगर गाजियाबाद।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...









# क्या दिखेंगी इस बार भी साहब के बर्थडे पर जनप्रतिनिधियों की दूरियां




## पहले तो थी सियासी अदावत लेकिन अब तो नहीं है ऐसी कोई मजबूरियां



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** 10 मई की तारीख गाजियाबाद में भाजपा वालों के लिए खास रहेगी। चुनाव 26 अप्रैल को हो चुका है। मतगणना 4 जून को होनी है। लेकिन 26 अप्रैल और 4 जून के बीच में 10 मई की तारीख एक ऐसी तारीख है जिसमें एक बर्थडे का केक कटेगा और ये केक भाजपा के विधायकों में कितना बटेगा इसका सभी को इंतजार है। दरअसल 10 मई को केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह का जन्मदिन है। उनके जन्मदिन का केक गाजियाबाद में उनके राजनगर स्थित आवास पर काटा जायेगा। इस मौके पर भंडारा भी बांटा जायेगा। भंडारे और केक की खबर के साथ अब सबकी नजर इस बात पर है कि क्या इस बार जनरल वीके सिंह के जन्मदिन पर गाजियाबाद के विधायक उनके बर्थडे केक से दूरी बनायेंगे। दरअसल सांसद और विधायक खेमे के बीच जो दूरियां रही है वो किसी से छिपी नहीं है और ये भी दशा रही है कि जब साहब ने दिशा की बैठक ली तो विधायकों की दिशा भंडारे की ओर थी। अब जब जनरल वीके सिंह अपने बर्थडे पर भंडारा करेंगे तो क्या विधायकों की लोकेशन राजनगर की आयेगी। कहने वाले कह रहे है कि अब राजनीतिक सीन पूरी तरह बदल चुका है। लिहाजा ऐसे में अब कोई मजबूरी नहीं होनी चाहिए और विधायकों की दूरियां भी नजर नहीं आनी चाहिए। राजनीति में कोई स्थायी दोस्त, कोई स्थायी दुश्मन नहीं होता है। अब यही देखना है कि जनप्रतिनिधियों के दीदार होते हैं या नहीं होते हैं। नजर इस बात पर भी है कि क्या साहब की ओर से सभी जनप्रतिनिधियों को निमंत्रण भेजा जा रहा है या नहीं?

### तैर रहा है भगवा फिजाओं में भंडारे का इंविटेशन

करंट क्राइम। केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह का जन्मदिन 10 मई को है। वो अपना बर्थडे गाजियाबाद में मना रहे हैं। कुलदीप चौहान की ओर से बर्थडे का निमंत्रण पत्र सोशल मीडिया पर आ चुका है। ये सभी को निमंत्रण है इसमें भंडारे का भी जिक्र है और लोकेशन भी बताई गई है। सभी को सादर आमंत्रित भी किया गया है। भंडारे का ये निमंत्रण सोशल मीडिया की भगवा फिजाओं में तैर रहा है। इसमें बताया गया है कि वीके सिंह अपना बर्थडे गाजियाबाद में मना रहे हैं।

### लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग रहेंगे उस दिन क्या चंडीगढ़ में

करंट क्राइम। वैसे तो 10 मई को ये भी देखना दिलचस्प रहेगा कि क्या भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग भाजपा की ही सांसद रहे जनरल वीके सिंह के घर जन्मदिन की बधाई देने उनके घर जाते हैं या नहीं जाते है। अतुल गर्ग बडे दिल के व्यक्ति है और वो कभी भी सामने वाले के लिए कोई मौका नहीं छोड़ते। इसलिए ऐसे में उनका इंतजार रहेगा। हालांकि सूत्र बता रहे हैं कि इस बदल चुनावी ड्यूटी का पेंच फंसेगा। 10 मई को चंडीगढ़ में लोकसभा उम्मीदवार नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। ऐसे में प्रबल उम्मीद है कि अतुल गर्ग चंडीगढ़ में ही रहेंगे। अगर वो नामांकन के बाद भी फ्लाइट से दिल्ली आते हैं और दिल्ली से गाजियाबाद आते हैं तो शाम हो जायेगी। भंडारा तब तक समाप्त हो जायेगा और जन्मदिन के हैप्पी बर्थडे से ही काम चलेगा।

### अगर मिलेगा निमंत्रण प्रोपर तो जरूर पहुंचेंगे बधाई देने : अनिल अग्रवाल



करंट क्राइम। साहब का जन्मदिन मन रहा है और विधायक टोला जन्मदिन के केक पर हैप्पी बर्थडे बोलेगा या नहीं ये सवाल बना हुआ है। जनप्रतिनिधियों ने पहले भी दीदार नहीं दिये लेकिन इस बार तो सबकुछ ही बदला हुआ है। ऐसे में जब करंट क्राइम ने पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल से बात की तो उन्होंने कहा कि अगर निमंत्रण आयेगा या टेलीफोन पर सूचना मिलेगी तो जरूर जायेंगे। लेकिन केवल व्हाट्सऐप पर संदेश नहीं चलेगा। अनिल अग्रवाल के इस जवाब में सारी चीजें खुल गई है और अब सवाल यह है कि क्या पूर्व राज्यसभा सांसद और विधायकों के पास निमंत्रण का फोन पहुंचेगा। सभी जनप्रतिनिधि पहुंचेगे या डिस्टेंस और सस्पेंस में ही मामला रहेगा।

# लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने किया दावा 6 लाख वोटों से जीतेंगे अतुल गर्ग चुनाव

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर क्रान्तिकारी विधानसभा के क्रान्तिकारी विधायक हैं। वो सरकार के अधिकारियों के खिलाफ कभी भी मोर्चा खोल देते हैं। जब करंट क्राइम ने उनसे लोकसभा चुनाव को लेकर बात की तो उन्होंने कहा कि केवल विधानसभा ही नहीं बल्कि लोकसभा में जीत की बात कह रहा हूं। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने दावा किया कि इस बार पिछली बार के मिले वोटों का रिकार्ड टूटेगा। वर्ष 2019 से ज्यादा वोट मिलेंगी। नन्द किशोर गुर्जर ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग 6 लाख से भी अधिक वोटों से चुनाव जीतेंगे। इस दौरान लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर के निशाने पर पुलिस के अधिकारी रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों में कुछ समाजवादी और जातिवादी मानसिकता के अधिकारियों ने चुनाव हराने का प्रयास किया है।

## लगाये आरोप और पुलिस के अधिकारियों से दिखे नाराज



### मदन भैया और मनोज धामा के सवाल पर विधायक बोले नो कमेंट

करंट क्राइम। दैनिक करंट क्राइम ने जब लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर से कहा कि अब सियासी दोस्ती है चुनावी गठबंधन है। भाजपा और रालोद मिलकर चुनाव लड़ा रहे हैं। ऐसे में विधायक मदन भैया और लोनी नगर पालिका परिषद के मनोज धामा अब रालोद में है तो क्या आपने विधायक मदन भैया और मनोज धामा के साथ मिलकर भी चुनाव लड़ाया है। इस सवाल पर लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने कहा कि नो कमेंट। उन्होंने कहा कि जनता सब जानती है और मुझसे बेहतर जानती है।

**पांचों विधानसभाओं में करेगी लोनी विधानसभा टॉप** - करंट क्राइम। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने कहा कि लोनी विधानसभा में भाजपा का कमल खिल रहा है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद लोकसभा की पांचों विधानसभाओं में लोनी विधानसभा टॉप करेगी। लोनी विधानसभा प्रतिशत में टॉप रहेगी।

विधायक नन्द किशोर गुर्जर के निशाने पर बड़े पुलिस अधिकारी भी रहे और उन्होंने कहा कि चुनाव हरवाने की योजना बनवाकर काम किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं को गुंडा एक्ट में निरूद्ध किया गया उन्हें जिला बदर किया गया। जबकि अन्य दलों के लोगों को केवल मुचलकों में पाबंद किया गया। कार्यकर्ताओं की गाड़ियों को चुनाव ड्यूटी में लगाया गया। विधायक लोनी ने कहा कि केवल 6 लाख वोटों से यहां जीत होगी।

**भेजी गई है शासन में ऐसे अधिकारियों की रिपोर्ट** - रंट क्राइम। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने कहा कि जिले में कुछ अधिकारी ऐसे हैं जिन्होंने चुनाव हरवाने का प्रयास किया है। अपने प्रयास वाले आरोप को बल देते हुए उन्होंने कहा कि विधायकों के गनर इसीलिए हटाये गये ताकि वो चुनाव प्रचार में ना जा सकें। कार्यकताओं के साथ ऐसा बर्ताव किया गया जिससे आक्रोश फैल गया। लेकिन जनप्रतिनिधियों ने मेहनत के साथ इस आक्रोश को शांत किया। विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने दावा किया कि शासन को रिपोर्ट भेजी गई है। चुनाव के बाद ऐसी मानसिकता वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही निश्चित है।

# क्या फिर गर्माएगा मंदिर अतिक्रमण हटाने का मामला

## विश्व हिंदू परिषद ने दी 10 मई को निगम मुख्यालय घेराव की चेतावनी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम द्वारा कोर्ट के आदेशों का हवाला देकर मंदिर से अतिक्रमण हटाने का मामला फिर गर्माता हुआ नजर आ रहा है। इसका अतिक्रमण हटाने का काम बीते शनिवार को हुआ था लेकिन इस मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने मोर्चा खोल दिया है। विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग ने इस मामले को लेकर बुधवार को एक प्रेसवार्ता आयोजित की है। साथ ही जानकारी यह है कि कई हिंदूवादी संगठन मिलकर 10 मई को नगर निगम के मुख्यालय नवयुग मार्केट पर विशाल धरना-प्रदर्शन करेंगे। इन लोगों का कहना है कि लगातार निगम मंदिरों पर कार्रवाई कर रहा है। हालांकि उधर नगर निगम के प्रशासनिक अधिकारी इसे कोर्ट का आदेश बता रहे हैं। बता दें कि इस मामले के कार्रवाई वाले कई वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुए थे, जिसको लेकर हिंदूवादी संगठन आक्रोशित नजर आ रहे हैं।

**कई हिंदू संगठन कर रहे हैं समर्थन** - करंट क्राइम : विश्व हिंदू परिषद ने इस पूरे मामले की कमान संभाली है। तो वहीं सूत्र बता रहे हैं कि इसमें बजरंग दल के साथ ही कई अन्य हिंदूवादी संगठन और करणी सेना जैसे सहयोगी दल भी शामिल हो सकते हैं। नगर निगम में 10 मई को घेराव एवं विशाल विरोध प्रदर्शन की जानकारी पुलिस और खुफिया विभाग को भी हो गई है। लिहाजा इसको लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस के कुछ आलाधिकारी इस पूरे मामले में विश्व हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग और महामंत्री महानगर मंत्री अनिल रावत से भी संपर्क साध रहे हैं ताकि इस कार्यक्रम में बदलाव कराया जा सके।

### पुलिस और खुफिया तंत्र हुआ अलर्ट

करंट क्राइम : विश्व हिंदू परिषद द्वारा विरोध प्रदर्शन की घोषणा और धरना देने की जानकारी आते ही पुलिस और खुफिया विभाग अलर्ट मोड पर आ गए हैं। नगर निगम मुख्यालय से लेकर जहां पर निगम द्वारा कार्रवाई की गई थी वहां पर इनपुट जुटाने का काम हो रहा है। इसके साथ ही अलग-अलग हिंदूवादी संगठनों के सोशल मीडिया से लेकर संपर्क वाले लोगों को भी वार्ता में शामिल किया जा रहा है।



# भाजपा के पांच पार्षदों के वार्ड में पड़े 37,408 मत, सभी का दावा अतुल गर्ग को मिलेंगे लगभग 31,200 वोट

उदयवीर सिंह

**साहिबाबाद (करंट क्राइम) :** 26 अप्रैल को गाजियाबाद लोकसभा सीट के लिए मतदान हो गया है। मतदान के बाद अब पार्षदों का दावा है, कि लगभग 31,200 वोट सीधे-सीधे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग की खाते में आएगा। इससे उनकी जीत और मजबूत बनेगी। अलग-अलग बूथ और वार्ड से लेकर विधानसभा में वोटों के प्रतिशत और किसको कितना वोट मिला, इसका आकलन किया जिसमें दैनिक करंट क्राइम ने भारतीय जनता पार्टी के पांच पार्षदों के वार्ड का हाल जाना।

> ‘गाजियाबाद लोकसभा में अतुल गर्ग की ऐतिहासिक जीत होगी’

जानकारी निकाल कर आई है कि वार्ड-28 राजीव कॉलोनी गुलमर्ग सोसायटी सैवेरिया पार्क मोहन नगर आता है। वार्ड-45 करहैड़ा गांव ,न्यू करहैड़ा कॉलोनी, उधम सिंह नगर, ब्रह्म कॉलोनी कृष्णा गार्डन। वहीं वार्ड-75 लाजपत नगर, प्यारेलाल कॉलोनी क्षेत्र आता है। वार्ड 85 कटोरी मिल, ओम नगर और अशोक वाटिका क्षेत्र आता है। वार्ड-10 डीएलएफ पप्पू कॉलोनी क्षेत्र आता है। साहिबाबाद की इन वार्ड की कॉलोनी के इलाके में कुल 37,408 वोट डाले गए हैं। इसमें सभी पार्षदों का दावा है कि लगभग 31,200 वोट सीधे- सीधे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग की खाते में आएगा। इससे उनकी जीत और मजबूत बनेगी।

### वार्ड-10 में पड़े 10,500 वोट में से मिलेंगे 9000 वोट : रेखा गोस्वामी



**(करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी के वार्ड- 10 से पार्षद रेखा गोस्वामी हैं। उनके वार्ड-10 में डीएलएफ का क्षेत्र आता है। इसके साथ ही पप्पू कॉलोनी वार्ड-10 में ही लगता है। उन्होंने जानकारी दी है कि उनके वार्ड में लगभग 25000 वोट आते हैं जो 26 अप्रैल को डाले गए हैं। उनका मानना है कि कुल पड़े वोट में लगभग 10500 ऐसे वोट है, जो सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग के खाते में जाएंगे। रेखा गोस्वामी का कहना है कि उनके यहां डाले गए। जिसमे भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग को 9000 वोट मिलेंगे।




### वार्ड-85 में डाले गए 6500 वोट में से 5000 मिलेंगे : प्रमोद राघव



करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी के पार्षद प्रमोद राघव के वार्ड-85 में लाजपत नगर-02, लाजपत नगर सेकंड, ओम नगर, अशोक वाटिका, मोहन नगर कटोरी मिल आदि क्षेत्र आता है। उनके वार्ड में कुल 18000 मतदाता हैं। 26 अप्रैल के दिन लगभग 6500 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग करते हुए वोट डाला। पार्षद प्रमोद राघव का कहना है कि उनके वार्ड में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग को लगभग 5000 के आसपास वोट मिलने चाहिए।

### वार्ड-75 में पड़े 5508 वोट में, 5200 भाजपा को मिलरगे : हिमांशु शर्मा



करंट क्राइम : वार्ड-75 से भारतीय जनता पार्टी के पार्षद हिमांशु शर्मा है। उनके वार्ड मेंलाजपत नगर फर्स्ट ब्लॉक ए, बी, सी, डी ब्लॉक आता है। हिमांशु शर्मा का कहना है कि 26 अप्रैल को मतदान वाले दिन उनके यहां लगभग 5508 लोगों ने मताधिकार का प्रयोग किया है। जिसमें से लगभग 5200 के आसपास मतदाताओं ने अपने वोट भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग को मिलेंगे।

### वार्ड- 45 में पड़े 6700 मत में से मिलेंगे 6000 वोट: डॉ सुनंदा सिंह



करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी के वार्ड-45 में करहैड़ा गांव, उधम सिंह कॉलोनी, कृष्ण विहार आदि क्षेत्र आता है। करहैड़ा न्यू कॉलोनी का क्षेत्र आता है। पार्षद सुनंदा सिंह का कहना है कि उनके वार्ड में कुल 13000 वोट हैं। जिसमें से 6700 लोगों ने 26 अप्रैल के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए वोट डाला है। उनका दावा है कि उनके वार्ड में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अतुल गर्ग के खाते में लगभग 6000 वोट आएंगे।

### वार्ड-28 में 8000 वोट पड़े, जिसमें से 6000 भाजपा को मिलेंगे: सुधीर कुमार



करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी की वार्ड-28 से पार्षद सुधीर कुमार हैं। उनके क्षेत्र में राजीव कॉलोनी, मोहन नगर, नीलमणि कॉलोनी ,गुलमोहर सोसायटी सैवेरिया पार्क क्षेत्र आता है ।यहां कुल मतदाताओं की संख्या लगभग 18500 के करीब है। पार्षद सुधीर कुमार ने बताया है कि 26 अप्रैल को वोटिंग के दौरान लगभग 8000 लोगों ने वोट डाले हैं। जिसमें से लगभग 6000 के आसपास वोट भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग को मिलेंगे।

## संपादकीय

# मौसमी पर्यटक और परेशानी

हम इसे पर्यटन का पीक कहें या मानें कि भीड़ कभी सैलानी नहीं होती। पिछले कुछ दिनों से कांगड़ा में पर्यटन राजधानी का शुमार सडकों पर देखा जा रहा है। जो दैनिक कार्यों के लिए सडक से हो कर गुजरते होंगे, उन्हें मालूम हो गया कि सैलानी अगर गाड़ियों की गिनती या महासमागमों की बस्ती हैं, तो एक ही दिन की आफत में कितनी सदियां गुजर गईं। परौर में राधास्वामी सत्संग की ट्रैफिक व्यवस्था करने में छक्के छूट जाते हैं। पसीना-पसीना पुलिस करे भी तो क्या करे। पुलिस कोई पार्किंग मशीनरी नहीं कि कोई स्थायी खाका बना ले या सडकों की धूल में यातायात व्यवस्था की खाक छानती फिरे, फिर भी पर्यटन सीजन का सही मायने में कोई नायक है, तो यह सेहरा कांगड़ा पुलिस को जाता है। काश! कभी पर्यटन, सडक विस्तार और सरकार की योजनाएं पर्यटक सीजन की कतार में खड़ी होकर देखें कि हमें करना क्या है। इससे क्या फर्क पड़ता है कि एडबी बैंक के कार्यालय को धर्मशाला से स्थानांतरित करके पर्यटन में कैबिनेट प्राप्त आर एस बाली नगरोटा बगवां ले जाएं या कल जब सुबह हो तो हम एक नया सरकारी होटल खोल दें। कायदे से अगर होटल व्यवसाय का पर्यटन की भीड़ से कोई रिश्ता होता, तो परौर तक आ रहे लोग तमाम होटलों को खचाखच भर देते, मगर वे तो सडकों, जंगलों और यातायात को पूरी तरह भरने आए थे और आते रहेंगे। ताज्जुब यह भी कि पिछले चंद दिनों में पर्यटन के एक साथ कई दीप जले, मगर हमारे दीये में तेल है ही कितना। धर्मशाला में क्रिकेट का आई पी एल और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का दौरा बेशक सम्मानित करता है और यह प्रमाणित करते हैं कि हिमाचल खुशामदीद कहने की आदत डाल रहा है, लेकिन इस वसंत को हम चार दिन की चांदनी बना कर स्वयं ही नष्ट कर देंगे या पर्यटन को हमेशा पुलिस के हाथों में सौप देंगे, जबकि इसकी स्थायी व्यवस्था व प्रबंधन की जरूरत है और यही निकम्मापन हर धार्मिक स्थल पर पाजेब पहने हुए मिल जाएगा।

मान लिया चंद दिन हमारा सामान्य जनजीवन पुलिस के हवाले भी चल सकेगा या वन वे के नाम पर पालमपुर की ओर से जनता चामुंडा होकर कांगड़ा निकल जाए, लेकिन ट्रैफिक जाम के मुहानों पर अड़ गई एंबुलेंस की गाड़ी को कैसे निकालोगे या भीड़ को वाहन चलाना कौन सिखाएगा। क्या हमारी पुलिस व्यवस्था केवल संकट में समाधान की वर्दी है या साल भर हमें ट्रैफिक व्यवस्था में नागरिक शिष्टाचार सिखाएगी। खुशखबरी यह है कि बड़े समागमों या वीआईपी मूवमेंट में भी जनता के बीच से निकले स्वयंसेवक कई जगह काम आ जाते हैं या वाहनों के चालक खुद ट्रैफिक पुलिस बन जाते हैं, वरना पर्यटक सीजन को लांघना हमारे लिए मुश्किल व पीड़ाजनक बनता जा रहा है। ऐसे में पर्यटन की संभावना को समझते व विकसित करते हुए यह अनुमान लगाएं कि हमारी छवि किसे बुला रही है। क्या हम कसोल या धर्मकोट की किसी पार्टी में पर्यटकों को बुला रहे हैं या खड्डों में नहाने के लिए कांगड़ा बाइपास का इस्तेमाल कर रहे हैं। क्या हम धार्मिक समागमों, प्रवचनों या लंगरों में मुफ्त का खाना व रहने का लुत्फ उठा रहे लोगों के कारण पर्यटक सीजन की खिल्ली उड़ा रहे हैं। क्यों नहीं हम बड़े आश्रमों, डेरों व धार्मिक आकाओं को प्रेरित करते हैं कि वे ऑफ-सीजन में आकर तंबू लगाएं। पर्यटन की प्लानिंग में इसके दस्तूर को साल भर के पैमानों में भरने की कोशिश के साथ-साथ इसके भीड़ बनने से हिमाचल को बचाएं, वरना जिस दिन सरकार का दावा और सरकार का आंकड़ा पांच करोड़ सैलानी गिनकर पूरा हो गया, उस दिन प्रदेश में कितने ही परौर और कितने ही कसोल, आम बाशिंदों की जिंदगी को मुसीबत में डाल चुके होंगे।

# साइबर क्राइम में शामिल 20 मोबाइल हैंडसेट को दूरसंचार विभाग ने किया बंद



**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत आने वाले दूरसंचार विभाग ने कहा कि उसके द्वारा साइबर क्राइम और फाइनेंसियल फ्रॉड में इस्तेमाल होने वाले कई मोबाइल नंबर और 20 मोबाइल हैंडसेट को ब्लॉक कर दिया गया है।

दूरसंचार विभाग द्वारा एक्स पर किए गए पोस्ट में लिखा गया कि कई मोबाइल नंबर और 20 मोबाइल हैंडसेट को ब्लॉक कर दिया गया है। इनका इस्तेमाल साइबर क्राइम और फाइनेंसियल फ्रॉड को अंजाम देने के लिए किया जा रहा था। सरकारी एजेंसियों की ओर से ये कदम तब उठाया गया, जब कुछ दिनों पहले बेंगलुरु की कारोबारी अदिति चोपड़ा ने एक पेचीदा वित्तीय जालसाजी के बारे में एक्स पर पोस्ट किया था। पोस्ट में उन्होंने बताया कि वह एक सुनियोजित जालसाजी का शिकार हुई हैं, जिसमें वित्तीय धोखाधड़ी करने के लिए एसएमएस का उपयोग किया गया था। दूरसंचार विभाग ने उनकी पोस्ट को टैग करते हुए लोगों को कहा कि अगर कोई भी ऐसा फ्रॉड आपके सामने आए तो उसे चक्षु पोर्टल पर रिपोर्ट करें। मार्च में दूरसंचार विभाग की ओर से नागरिकों के लिए एक एडवाइजरी जारी की गई थी।

इसमें बताया कि दूरसंचार विभाग के प्रतिनिधि बनकर जालसाज लोगों को कॉल कर उनका मोबाइल नंबर बंद करने की धमकी दे रहे हैं। इसके अलावा एक अन्य एडवाइजरी में विभाग ने कहा था कि (प्लस 92) कोड से आए विदेशी नंबरों से जालसाज सरकारी अधिकारी बनकर व्हाट्सएप कॉल के जरिए धोखाधड़ी को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे जालसाजों से सावधान रहना चाहिए।

# पेटीएम में शीर्ष स्तर के अधिकारियों के कंपनी छोड़ने का सिलसिला जारी




**नई दिल्ली।** डिजिटल भुगतान सेवा कंपनी पेटीएम में शीर्ष स्तर के अधिकारियों के कंपनी छोड़ने का सिलसिला जारी है। कंपनी के यूपीआई एवं यूजर ग्रोथ के मुख्य कारोबार अधिकारी (सीबीओ) अजय विक्रम सिंह और ऑफलाइन भुगतान के सीबीओ बिपिन कौल ने अपने पद छोड़ दिये हैं। पेटीएम ने एक बयान में बताया कि वह अपने कारोबार के प्रमुख स्तंभों में टिकाऊ विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उसने कहा, ₹हम पुनर्गठन के दौर से गुजर रहे हैं जो पेटीएम के सीईओ के मार्गदर्शन में नई ऊर्जा के साथ काम करने का संकेत है।

ये बदलाव पेटीएम में दूसरी पंक्ति के नेतृत्वकताओं को मजबूत करने के हमारे रुख का हिस्सा हैं। इससे पहले, पिछले सप्ताह पेटीएम की प्रवर्तक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस (ओसीएल) ने बड़ा और लाभकारी भुगतान एवं वित्तीय सेवा वितरण कारोबार तैयार करने के लिए अपने शीर्ष प्रबंधन में विस्तार की घोषणा की थी। डिजिटल भुगतान कंपनी ने कहा, ₹ये मजबूत नेतृत्वकर्ता सीधे सीईओ तथा प्रबंधन के अन्य अधिकारियों के साथ काम करेंगे, और नवाचार को बढ़ावा देने के साथ नियामक अनुपालना तथा टिकाऊपन लाने के लिए समूह के ढांचे को मजबूत करेंगे। कंपनी के अनुसार, भुगतान एवं ऋण कारोबार की जिम्मेदारी संभालने वाले कंपनी के अध्यक्ष एवं मुख्य परिचालन अधिकारी भावेश गुप्ता ने ₹निजी कारणों से करियर में ब्रेक लेने का फैसला किया है। वह इस साल के अंत तक परामर्शदाता की भूमिका में कंपनी के साथ बने रहेंगे। कंपनी ने अपनी वेल्थ सब्सिडियरी पेटीएम मनी लिमिटेड (पीएमएल) में भी नेतृत्व में बदलाव किया है। हाल ही में उसने राकेश सिंह को इसका सीईओ नियुक्त किया है। पेटीएम मनी लिमिटेड के पूर्व प्रमुख वरुण श्रीधर को नई जिम्मेदारी देते हुए पेटीएम सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (पीएसपीएल) का सीईओ बनाया गया है।

# मंदी का असर लार्ज कैप की अपेक्षा स्मॉल कैप व मिड कैप शेयर सबसे ज्यादा देखने को मिला



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में कारोबारी सत्र में चौतरफा गिरावट हुई। मंदी का असर लार्ज कैप की अपेक्षा स्मॉल कैप और मिड कैप शेयर पर सबसे ज्यादा देखने को मिला। सेंसेक्स 383.69 अंक या 0.52 प्रतिशत गिरकर 73,511 अंक और निफ्टी 140.20 अंक या 0.62 प्रतिशत गिरकर 20,302 पर बंद हुआ। गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, मिड कैप और स्मॉल कैप इंडेक्स 2 फीसदी तक फिसले भारतीय शेयर बाजार में कारोबारी सत्र में चौतरफा गिरावट हुई। मंदी का असर लार्ज कैप की अपेक्षा स्मॉल कैप और मिड कैप शेयर पर सबसे ज्यादा देखने को मिला। सेंसेक्स 383.69 अंक या 0.52 प्रतिशत गिरकर 73,511 अंक और निफ्टी 140.20 अंक या 0.62 प्रतिशत गिरकर 20,302 पर बंद हुआ। बाजार में मंदी की मार सबसे ज्यादा स्मॉल कैप और मिड कैप शेयरों पर पड़ी। निफ्टी स्मॉल 100 इंडेक्स 316.10 अंक या 1.89 प्रतिशत गिरकर 16,367 अंक और निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 987 अंक या 1.95 प्रतिशत के दबाव के साथ 49,674 अंक पर बंद हुआ। सेक्टर के हिसाब से देखें तो आईटी और एफएमसीजी सेक्टर को छोड़कर करीब सभी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। सबसे ज्यादा गिरावट रियल्टी, मेटल और ऑटो सेक्टर में हुई। कारोबारी दिन में सेंसेक्स पैक में 19 शेयर लाल निशान और 11 शेयर हरे निशान में बंद हुए। बजाज ऑटो, पावर ग्रिड, ओएनजीसी, इंडसइंड बैंक और हिंडालको टॉप लूजर्स थे। वहीं, एचयूएल, टेक महिंद्रा, ब्रिटानिया, नेस्ले और टीसीएस टॉप गेनर की लिस्ट में शामिल थे। जियोजित फाइनेंसियल सर्विसेज के विनोद नायर ने कहा कि सकारात्मक वैश्विक संकेतों के बाद भी भारतीय बाजार में लोकसभा चुनाव में कम मतदान और प्रीमियम वैल्यूएशन के कारण मुनाफावसूली देखने को मिली।

# भारत ने मॉरिशस को 14000 टन गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात की दी अनुमति



**नई दिल्ली।** डीजीएफटी ने बताया है कि राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के जरिए मॉरिशस को 14,000 टन गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी गई है। इससे पहले भारत ने चावल की कई किस्मों का निर्यात नेपाल, रिपब्लिक ऑफ घाना, फिलिपिंस, सेशल्स, यूएई, सिंगापुर जैसे देशों में करने की अनुमति दी थी।

सरकार ने मॉरिशस को 14,000 टन गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दे दी है। विदेश व्यापार महानिदेशायलय (डीजीएफटी) अधिसूचना जारी कर इसकी जानकारी दी है। डीजीएफटी ने बताया है कि राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के जरिए मॉरिशस को 14,000 टन गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी गई है। इससे पहले भारत ने चावल की कई किस्मों का निर्यात नेपाल, रिपब्लिक ऑफ घाना, फिलिपिंस, सेशल्स, यूएई, सिंगापुर जैसे देशों में करने की अनुमति दी थी। फिलहाल डीजीएफटी चावल निर्यात पॉलिसी के अंतर्गत चावल निर्यात करता है। फिलहाल, उन्हीं देशों को चावल का निर्यात किया जा रहा है जिनके लिए सरकार की ओर से मंजूरी दी गई है। कई अन्य देश अपनी खाद्य सुरक्षा का हवाला देकर भारत सरकार से चावल के निर्यात के लिए आग्रह कर रहे हैं।

## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा। धैर्यशीलता में वृद्धि होगी। फिर भी बातचीत में सन्तुलित रहें। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। कारोबारी कार्यों में कुछ परेशानी आ सकती है। सचेत रहें।

**मिथुन:** मन शान्त तो रहेगा, परन्तु आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन कुछ परेशान भी हो सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु मन कुछ परेशान भी हो सकता है। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी।

**कन्या:** आत्मश्विास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मि मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**धनु:** मन प्रसन्न रहेगा। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं।

**मकर:** मन अशान्त रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। सम्पत्ति में निवेश एवं भवन सामग्री के कारोबार में लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**कुंभ:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। आलस्य की अधिकता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**मीन:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में वृद्धि तो होगी, परन्तु यथोचित लाभ नहीं होगा। यद्यपि भागदौड़ भी अधिक रहेगी।

## चुटकुले

गोलू- और भाई, क्या हो रहा है?
टिल्लू- क्या बताऊं यार गर्मी इतनी बढ़ गई है कि डोसा वाला मुंह पर डोसा सेंक कर देता है।

जज- आपको अपनी सफाई में क्या कहना है?
महिला- अब मैं क्या बोलूं, मेरे यहां सफाई नौकरानी करती है तो इस बारे में तो वही ज्यादा अच्छी तरह बता सकती है।

मरीज- डॉक्टर में हर बात तुरंत भूल जाता हूं? कोई दवाई दीजिए !
डॉक्टर -एक काम करो, पहले आप मुझे फीस दे दो, कहीं तुम दवाई लेने के बाद मेरी फीस भी भूल गए तो।

टीटू की दो करोड़ की लॉटरी निकली
लॉटरीवाला- आपको टैक्स काटकर 1.75 करोड़ मिलेंगे
टीटू- ये गलत बात है, मुझे पूरे 2 करोड़ दो नहीं तो मेरे टिकट के 100 रुपये वापस करो।

## रोचक तथ्यों का करंट

- शरीर की सबसे छोटी हड्डी कान की स्टअप (stirrup) हड्डी होती है।
- एक वयस्क मानव में, उसकी हड्डियों का 25% हिस्सा पैरों में होता है।
- Gluteus Maximus मानव शरीर की सबसे बड़ी मांसपेशी है।
- दिमाग दिन से ज्यादा रात में सक्रिय रहता है. इसके पीछे क्या कारण है वैज्ञानिक भी नहीं जानते।
- आईक्यु जितना तेज होता है उतने ही ज्यादा सपने आते हैं.
- इंसान जिसका वजन 70 किलोग्राम है, उसके शरीर के अंदर 0.2 मिलीग्राम सोना भी होता है।
- क्या आप जानते है मानव शरीर की सबसे मजबूत मांसपेशी जबड़े की मांसपेशी होती है।
- आपके शरीर में तीन इंच लंबी धातु कील बनाने के लिए पर्याप्त लोहा हैं।
- मानव शरीर में सबसे मजबूत मांसपेशी जबड़े मांसपेशी होती हैं.
- शरीर का एक हिस्सा ऐसा भी होता है जहा कोई रक्त की आपूर्ति नहीं होती है वह भाग आंख का कॉर्निया होता है. यह हिस्सा हवा से सीधे ऑक्सीजन प्राप्त करता है।

# झारखंड में लगातार दूसरे दिन भी नोटों की गड्डियां मिली, 1.5 करोड़ बरामद



**नई दिल्ली।** ईडी ने सोमवार को झारखंड की राजधानी रांची में छापेमारी के दौरान करीब 35 करोड़ रुपये नकद बरामद किए थे। मंगलवार को छापेमारी के दूसरे दिन राजीव कुमार सिंह नामक एक ठेकेदार के यहां से ईडी ने करीब 1.5 करोड़ रुपये जब्त किए। झारखंड में ईडी की छापेमारी और भारी मात्रा में नकद मिलने का सिलसिला जारी है। सोमवार के तलाशी अभियान के बाद मंगलवार को भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रांची में पांच स्थानों पर छापेमारी की। इससे पहले सोमवार को इसी मामले में छापेमारी के दौरान करीब 35 करोड़ रुपये नकद बरामद किया गया था। मंगलवार को छापेमारी के दूसरे दिन राजीव कुमार सिंह नामक एक ठेकेदार के यहां से ईडी ने करीब 1.5 करोड़ रुपये जब्त किए। जांच एजेंसी के अनुसार उसके (राजीव कुमार सिंह) जरिए करीब 10 करोड़ रुपये का लेन-देन किया गया। जांच एजेंसी ने वीरेंद्र राम केस मामले में छह मई को रांची में कई ठिकानों पर छापेमारी शुरू की थी। ईडी ने झारखंड के ग्रामीण विकास विकास के मुख्य अभियंता वीरेंद्र कुमार राम को धनशोधन के आरोप में फरवरी 2023 में गिरफ्तार किया था। यह मामला योजनाओं के क्रियान्वयन में गड़बड़ी से जुड़ा है।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# पंजाब किंग्स के खिलाफ महेंद्र सिंह धोनी नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे



**चेन्नई।** पंजाब किंग्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे। इस कारण धोनी की काफी आलोचना हुई थी।

धर्मशाला में रविवार को खेले गए मैच में चेन्नई के पारी के 16 ओवर पूरे होने के बाद सीएसके ने छह विकेट पर 122 रन बनाए थे और सभी को उम्मीद थी कि अब बल्लेबाजी के लिए धोनी उतरेंगे, लेकिन उनकी जगह शार्दुल ठाकुर मैदान पर उतरे जिससे सभी लोग अचरज में पड़ गए थे। माना जा रहा था कि इसके पीछे भी धोनी की कोई रणनीति होगी, लेकिन अब खबर आ रही है कि धोनी पैर में चोट के बावजूद खेल रहे हैं और इसी कारण वह निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए उतरे थे।

### हरभजन-इरफान ने की थी धोनी की आलोचना

धोनी के निचले क्रम पर बल्लेबाजी के लिए आने पर पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह और पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने उनकी आलोचना की थी। हरभजन ने यहां तक कहा था कि अगर धोनी ऐसे महत्वपूर्ण समय में बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरना चाहते हैं तो उन्हें खुद को टीम से बाहर रखकर एक अतिरिक्त गेंदबाज को खिलाना चाहिए। वहीं, इरफान ने भी धोनी की आलोचना करते हुए कहा था कि धोनी को जिम्मेदारी लेनी चाहिए और ऊपरी क्रम पर बल्लेबाजी के लिए उतरना चाहिए।

### पैर की मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या से जूझ रहे हैं धोनी

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सीएसके के सूत्रों ने बताया कि धोनी पैर की मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या से जूझ रहे हैं और उन्होंने पूरा आईपीएल सीजन दर्द सहते हुए ही खेला है। यही कारण था कि वह पंजाब किंग्स के खिलाफ निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए उतरे थे।

धोनी को इस वर्ष ही चोट लगी थी और टीम के दूसरे विकेटकीपर डेवोन कॉन्वे चोटिल होने के कारण बाहर हो गए थे, अगर कॉन्वे उपलब्ध रहते तो धोनी खुद को आराम देने के बारे में सोच सकते थे। हालांकि, हालात ही ऐसे बने हुए हैं कि धोनी को दर्द के बावजूद मैदान पर उतरना पड़ रहा है। धोनी दवाई ले रहे हैं और कम से कम दौड़ने की कोशिश करते हैं। धोनी को डॉक्टरों ने भी आराम करने की सलाह दी है, लेकिन इस विकेटकीपर बल्लेबाज के पास दूसरा कोई विकल्प नहीं है क्योंकि सीएसके की टीम पहले से ही खिलाड़ियों की चोट की समस्या से जूझ रही है।

### 'आलोचना करने वाले नहीं जानते धोनी का त्याग'

इस मामले की जानकारी रखने वाले सूत्र ने कहा, 'हम पहले से ही अपनी बी टीम के साथ खेल रहे हैं। जो लोग धोनी की आलोचना कर रहे हैं वे उनके त्याग के बारे में नहीं जानते हैं।' मालूम हो कि धोनी पिछले सीजन घुटने की चोट के साथ खेले थे और चेन्नई के आईपीएल ट्रॉफी जीतने के बाद उन्होंने सर्जरी कराई थी।

### मिस्ट्री गर्ल



हाल ही में आईपीएल 2024 में एक 'मिस्ट्री गर्ल' को देखा गया। जो गजरात टाइटन्स को सपोर्ट करती दिखती हैं। दरअसल ये मिस्ट्री गर्ल कोई और नहीं पूर्व टेनिस खिलाड़ी तन्वी शाह हैं।

## टी20 विश्व कप से पहले बुमराह को मिलेगा आराम!



**मुंबई।** आईपीएल 2024 सीजन के बाद अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप का आयोजन होना है। मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इस वैश्विक टूर्नामेंट के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं। मुंबई का सफर इस सीजन अच्छा नहीं रहा है और टीम लगभग प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है। ऐसे में यह मांग उठ रही है कि विश्व कप से पहले बुमराह को थोड़ा आराम देना चाहिए क्योंकि वह टी20 विश्व कप में भारतीय टीम के लिए काफी अहम रहने वाले हैं। हालांकि, मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड ने कहा कि टीम का तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम देने का कोई इरादा नहीं है।

### बुमराह को आराम देने पर नहीं हुई बात

मुंबई ने सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराया जिसमें सूर्यकुमार यादव (नाबाद 102) ने आईपीएल में दूसरा शतक जड़ा। मुंबई की यह 12 मैचों में चौथी ही जीत थी।

टी20 विश्व कप को देखते हुए बुमराह को आराम देने के सवाल पर पोलार्ड ने कहा, हमने इस पर कोई बात नहीं की है। मुझे नहीं लगता कि यह मेरा काम है लेकिन देखते हैं कि क्या होता है। हम सभी यहां पूरा आईपीएल खेलने के लिए हैं। हमारा लक्ष्य आईपीएल पूरा करना है। उसके बाद देखते हैं कि क्या होता है।

पोलार्ड ने कहा कि बल्लेबाजी कोच होने के नाते सबसे कठिन काम सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाज से आक्रामक खेल पर नियंत्रण कराना है। उन्होंने कहा, वह स्वाभाविक तौर पर आक्रामक बल्लेबाज है। सूर्यकुमार हर गेंद को पीटन चाहता है।

ऐसे में बल्लेबाजी कोच के लिए सबसे कठिन काम उसकी स्वाभाविक शैली को बदलना है। लेकिन बहुत ज्यादा नियंत्रण की भी जरूरत नहीं है क्योंकि आजकल क्रिकेट में इतने रन बन रहे हैं।

### मुंबई का अब लखनऊ से सामना

मुंबई इंडियंस का सामना अब होम ग्राउंड पर 17 मई को लखनऊ सुपरजाएंट्स से होगा। मुंबई की टीम का सफर इस आईपीएल में ग्रुप चरण में ही समाप्त हो सकता है, ऐसे में अगर टीम प्रबंधन बुमराह को आराम देता है तो वह अमेरिका रवाना होने से पहले थोड़ी राहत की सांस ले

## बारिश के कारण केकेआर की फ्लाइट कोलकाता नहीं कर सकी लैंड

### वाराणसी के होटल में पूरी टीम ने बिताई रात

**लखनऊ।** लखनऊ सुपरजाएंट्स के खिलाफ पिछले मैच में जीत दर्ज कर लौट रही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम बारिश के कारण फंस गई। टीम लखनऊ से कोलकाता लौट रही थी तभी देश के पूर्वी हिस्से में भारी बारिश के कारण केकेआर की फ्लाइट कोलकाता लैंड नहीं कर सकी और विमान को गुवाहाटी भेजा गया। इस कारण केकेआर टम के सदस्यों को फ्लाइट में काफी समय बिताना पड़ा।

### बारिश में फंसी टीम

केकेआर के अनुसार, टीम के सदस्यों ने सोमवार शाम 5:45 बजे लखनऊ से उड़ान भरी जहां फ्लाइट को शाम 7:25 बजे लैंड करना था। रात 8:46 बजे उन्हें बताया गया कि कोलकाता में भारी बारिश के कारण



उनकी चार्टर फ्लाइट को गुवाहाटी भेजा जा रहा है। केकेआर की मीडिया टीम ने कहा, हम गुवाहाटी उतरे और हमें बताया गया कि फ्लाइट को कोलकाता जाने की अनुमति मिल गई है और टीम रात 11 बजे कोलकाता पहुंच जाएगी। इसके बाद देर रात हमें बताया गया कि स्थिति ठीक नहीं है और कई प्रयासों के बाद भी फ्लाइट कोलकाता में लैंड नहीं कर सकी। इस तरह फ्लाइट को वाराणसी पर उतारा गया।

केकेआर के सदस्यों ने वाराणसी के एक होटल में रात बिताई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, केकेआर की टीम मंगलवार दोपहर कोलकाता के लिए उड़ान भरेगी। हालांकि मौसम के कारण फ्लाइट डायवर्ट होने से खिलाड़ियों को परेशानी हुई और उनके लिए यह किसी डरवाने अनुभव से कम नहीं रहा।

### शीर्ष पर मौजूद है केकेआर

कोलकाता की टीम ने पिछले मैच में लखनऊ को हराकर शीर्ष पर जगह बनाई। केकेआर की टीम लगभग प्लेऑफ में पहुंच चुकी है। हालांकि टीम के लिए राहत की बात यह है कि उसका अगला मुकाबला करीब पांच दिन के अंतराल पर है। उसे शनिवार को घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस का सामना करना है। टीम इसके बाद 13 मई को अहमदाबाद से गुजरात टाइटंस और 19 मई को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच खेलेगी।

## आईपीएल 2024 का सीजन धीरे-धीरे अपने अंतिम पड़ाव की ओर

### सभी टीमें प्लेऑफ में पहुंचने के लिए बेकरार

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 का सीजन अब धीरे-धीरे अपने अंतिम पड़ाव की ओर पहुंच रहा है जहां सभी टीमें प्लेऑफ में पहुंचने के लिए पूरा जोर लगा रही हैं। शीर्ष की दो टीमें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और राजस्थान रॉयल्स 16-16 अंक लेकर सुखद स्थिति में है और इनका अंतिम चार में प्रवेश करना लगभग तय हो गया है। असली मुकाबला तीसरे और चौथे स्थान के लिए है जिसके लिए टीमें मेहनत कर रही है। हर सीजन की तरह इस बार भी निचले स्थान पर चल रही टीमें दूसरों का गणित बिगाड़ रही हैं और ऐसा ही कुछ सोमवार को मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच के दौरान भी देखने मिला। इस मैच में मुंबई ने हैदराबाद को हराकर प्लेऑफ की दौड़ को रोचक बना दिया है।

### सूर्यकुमार ने किया कमाल

सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 173 रन बनाए। जवाब में टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम में शामिल सूर्यकुमार ने मुंबई के लिए इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 51 गेंदों का सामना किया और 102 रन बनाए। सूर्यकुमार ने इस दौरान तिलक वर्मा के साथ शानदार साझेदारी निभाई और दोनों बल्लेबाजों ने हैदराबाद के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। सूर्यकुमार के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत मुंबई ने 17.2 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 174 रन बनाए और सात विकेट से मुकाबला जीत लिया।

### हार के बावजूद चौथे स्थान पर बरकरार हैदराबाद

मुंबई इस जीत के साथ अंक तालिका में 10वें से नौवें पायदान पर पहुंच गई है। अब टीम के खाते में आठ अंक हो गए हैं। वहीं, नेट रनरेट -0.212 का हो गया है। इसके अलावा सनराइजर्स हैदराबाद 11 मैचों में छह जीत और पांच हार के साथ 12 अंक लेकर चौथे स्थान पर बरकरार है। हैदराबाद की टीम भले ही शीर्ष चार में मौजूद है, लेकिन मुंबई के खिलाफ हार ने उसे बैकफुट पर धकेल दिया है। हैदराबाद को अब अपने तीन में से दो मुकाबले हर हाल में जीतने होंगे। हैदराबाद



का नेट रनरेट -0.065 का हो गया है जो उसके लिए चिंता का विषय है। 11 मैच के बाद 12 अंक लेकर तीसरे स्थान पर चल रही चेन्नई सुपर किंग्स का नेट रनरेट +0.700 है जो उसके लिए राहत की बात है।

### हैदराबाद, लखनऊ और सीएसके के बीच है टक्कर

तीसरे और चौथे स्थान के लिए मुख्य रूप से हैदराबाद, लखनऊ और सीएसके के बीच टक्कर है। इन तीन टीमों ने अब तक 11 मैच खेल लिए हैं और तीनों के ही 12-12 अंक हैं। हैदराबाद और लखनऊ की तुलना में सीएसके का नेट रनरेट बेहतर है। तीनों ही टीमों के लिए प्लेऑफ की दौड़ में रहने के लिए जीत जरूरी है। केकेआर को तीन मैच खेलने हैं, जबकि राजस्थान के चार मैच शेष हैं। यह दोनों ही टीम अगर एक मैच भी जीत लेती हैं तो प्लेऑफ में आधिकारिक रूप से पहुंच जाएंगी। राजस्थान और केकेआर का नेट रनरेट भी अन्य टीमों की तुलना में बेहतर है और अगर इन दोनों टीमों को बड़ी हार का सामना नहीं करना पड़ा तो किसी भी टीम के लिए इनके बराबर पहुंचना आसान नहीं होगा। छठे स्थान पर मौजूद दिल्ली के लिए भी संभावनाएं पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। दिल्ली 11 मैचों के बाद पांच जीत के साथ 10 अंक लेकर छठे स्थान पर है और उसे अगर दौड़ में आगे निकलना है तो अपने सभी मैच जीतने होंगे।

### दिल्ली के लिए आसानी नहीं है राह

प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए दिल्ली के लिए सिर्फ अपने सभी मैच जीतना ही सबकुछ नहीं होगा।

उसे उम्मीद करनी होगी कि हैदराबाद, लखनऊ और सीएसके की टीम ज्यादा सफलता हासिल नहीं कर सके। दिल्ली को साथ ही अपने नेट रनरेट का भी ध्यान रखना होगा। मौजूदा स्थिति में दिल्ली के लिए प्लेऑफ में पहुंचने की राह आसान नहीं दिख रही है और उसके आगे जाने की उम्मीद 15 प्रतिशत से भी कम है। दिल्ली का आज राजस्थान से सामना होना है।

## आईपीएल 2024 में अब तक लग चुके 12 शतक

### सूर्यकुमार ने 51 गेंदों पर लगाई सेंचुरी

**मुंबई।** आईपीएल 2024 के 55वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 173 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 17.2 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 174 रन बनाए और सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। मुंबई इस जीत के साथ अंक तालिका में 10वें से नौवें पायदान पर पहुंच गई है। अब टीम के खाते में आठ अंक हो गए हैं। वहीं, नेट रनरेट -0.212 का हो गया है। इसके अलावा सनराइजर्स हैदराबाद 12 अंकों के साथ चौथे स्थान पर बरकरार है।

मुंबई की इस जीत में सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने अहम योगदान दिया। दोनों बल्लेबाजों के बीच 143 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में हैदराबाद के गेंदबाजों को संघर्ष करते देखा गया। मुंबई के बल्लेबाजों ने उनकी जमकर पिटाई की।



**शतकों के मामले में रोहित के बराबर पहुंचे सूर्या :** सूर्या ने इस मुकाबले में 51 गेंदों का सामना किया और 102 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 12 चौके और छह छक्के निकले। दिलचस्प बात यह है कि इस मैच में सूर्या का स्ट्राइक रेट 200 का रहा। इसी के साथ 360 डिग्री बल्लेबाज मुंबई के लिए दो शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। उनसे पहले रोहित शर्मा ने यह कारनामा किया। अब सूर्या ने रोहित की बराबरी कर ली है।

**कोहली के नाम टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक शतक :** मुंबई के विस्फोटक बल्लेबाज ने अपने टी20 करियर का छठा शतक लगाया। वह सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में पांचवें बल्लेबाडज हैं। इस मामले में विराट कोहली शीर्ष पर हैं। उनके नाम नौ शतक दर्ज हैं। वहीं, रोहित शर्मा आठ शतकों के साथ दूसरे नंबर पर काबिज हैं। हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मुकाबले में हिटमैन सिर्फ चार रन बना सके। उन्हें पैट कमिंस ने एक बार फिर अपना शिकार बनाया।

**सूर्या-तिलक ने दिलाई जीत :** मुंबई इंडियंस की इस मैच में झटके के साथ शुरूआत हुई। सलामी बल्लेबाजी के लिए उतरे ईशान किशन 26 रन के स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद टीम को 31 रन के स्कोर पर दो झटे लगे। कमिंस ने रोहित को आउट किया। इसके बाद पांचवें ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने नमन धीर को आउट किया।

वह बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इसके बाद मोर्चा सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने संभाला। दोनों ने हैदराबाद के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। सूर्या ने इस मुकाबले में 51 गेंदों का सामना किया और 102 रन बनाए। वहीं, तिलक वर्मा ने 37 रनों की पारी खेली। हैदराबाद के लिए भुवनेश्वर, जानसेन और कमिंस ने एक-एक विकेट चटकाया।

**चौथे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी :** सूर्या और तिलक के बीच चौथे विकेट के लिए 143 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। आईपीएल इतिहास में मुंबई के लिए यह चौथे या उससे कम विकेट के लिए होने वाली सबसे बड़ी साझेदारी है। वहीं, लक्ष्य का पीछा करते हुए यह आईपीएल इतिहास की चौथे विकेट या उससे नीचे के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।

### मुंबई इंडियंस के लिए चौथे या उससे कम विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी

143* - तिलक वर्मा और सूर्यकुमार बनाम सनराइजर्स हैदराबाद, वानखेड़े, 2024*

131* - कोरी एंडरसन और रोहित शर्मा बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स, कोलकाता, 2015

122* - कायरन पोलार्ड और ए रायडू बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, बेंगलुरु, 2012

## सूर्या के तूफान में उड़ा हैदराबाद

### मुंबई की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद बरकरार

**मुंबई ।** मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार यादव के शतक की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हरा दिया। एमआई की इस जीत में तिलक वर्मा ने भी अहम योगदान दिया। दोनों के बीच 143 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में हैदराबाद के गेंदबाजों को संघर्ष करते देखा गया। मुंबई के बल्लेबाजों ने उनकी जमकर पिटाई की।

आईपीएल 2024 के 55वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 173 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 17.2 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 174 रन बनाए और सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। मुंबई इस जीत के साथ अंक तालिका में 10वें से नौवें पायदान पर पहुंच गई है। अब टीम के खाते में आठ अंक हो गए हैं। वहीं, नेट रनरेट -0.212 का हो गया है। इसके अलावा सनराइजर्स हैदराबाद 12 अंकों के साथ चौथे स्थान पर बरकरार है।

मुंबई इंडियंस की इस मैच में झटके के साथ शुरूआत हुई। सलामी बल्लेबाजी के लिए उतरे ईशान किशन 26 रन के स्कोर पर आउट हो गए। इसके बाद टीम को 31 रन के स्कोर पर दो झटे लगे। कमिंस ने रोहित को आउट किया। इसके बाद पांचवें ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने नमन धीर को आउट किया। वह बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। इसके बाद मोर्चा सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने संभाला। दोनों ने हैदराबाद के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। सूर्या ने इस मुकाबले में 51 गेंदों का सामना किया और 102 रन बनाए। वहीं, तिलक वर्मा ने 37 रनों की पारी खेली। हैदराबाद के लिए भुवनेश्वर, जानसेन और कमिंस ने एक-एक विकेट चटकाया।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 173 रन बनाए। ट्रेविस हेड और

# जन समस्याओं के समाधान पर 24 घंटे अलर्ट रहे अधिकारी : नगर आयुक्त

## शहर में हो रहे विकास कार्यों की नगर आयुक्त ने की समीक्षा बैठक

### इंदिरापुरम हैंडोवर, एसबीएम 2024 व मानसून की तैयारी को लेकर हुआ मंथन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें शहर हित में निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर चर्चा हुई तथा स्मार्ट वर्किंग के अंतर्गत कार्य करने के लिए कार्य योजना बनाई गई इंदिरापुरम हैंडोवर, मानसून की तैयारी, स्वच्छ भारत मिशन 2024 की तैयारी को लेकर प्रमुखता पर विचार विमर्श करते हुए योजना बनाई गई बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, संयुक्त नगर आयुक्त ओम प्रकाश, महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद, मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह, लेखाधिकारी गीता कुमारी, प्रभारी प्रकाश आश कुमार, उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज उपस्थित रहे'।

नगर आयुक्त द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों से बारी-बारी उनके विभाग से संबंधित चल रहे कार्यों के बारे में जानकारी, साथ ही जन समस्याओं को प्राथमिकता पर निश्तरित करने के लिए निर्देशित किया गया, गाजियाबाद नगर निगम सभी विभागीय अधिकारियों को 24 घंटे जन समस्याओं के लिए अलर्ट रहने के लिए भी कहा गया निगम की योजनाओं के बारे में जन-जन को जागरूक करने के लिए भी विशेष कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए गए, इंदिरापुरम हैंडोवर को लेकर नगर आयुक्त द्वारा निर्माण विभाग जलकर विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग से इंदिरापुरम की स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा की गई, किस प्लानिंग के तहत इंदिरापुरम हैंडोवर की तैयारी की जानी है विचार विमर्श किया गया संपूर्ण रूप से विभाग अनुसार कार्य पूर्ण होने पर हैंडोवर की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाना चाहिए निर्णय भी लिया गया' स्वच्छ भारत मिशन 2024 की तैयारी को लेकर नगर आयुक्त द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथिलेश को विशेष कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए जिसमें महाप्रबंधक जल को भी शहर को वाटर प्लस प्लस बनाने की और अग्रसर करने के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर तैयारी अभी से प्रारंभ करने के लिए कहा गया। इसी के साथ नियमित सफाई व्यवस्था, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों की मॉनिटरिंग, फागिंग तथा एंटी लारवा छिड़काव कर संक्रामक रोगों पर काबू पाना, व अन्य स्वास्थ्य संबंधित बिंदुओं पर गहनता से कार्य करने के लिए निर्देश दिए गए, मानसून की तैयारी नगर आयुक्त द्वारा मानसून की तैयारी को लेकर भी महाप्रबंधक जल को ऐसे बिंदु जहां जल भराव रहता है उनको चिन्हित करते हुए कार्य योजना बनाने की निर्देश दिए तथा निर्माण विभाग को भी समन्वय करते हुए कार्यवाही करने के लिए कहा गया इसी क्रम में नालों की सफाई को लेकर प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देश दिए गए।

वहीं बढ़ती गर्मी को देखते हुए सुबह तथा शाम दोनों समय पौधों की सिंचाई के लिए निर्देश दिए गए जिसके क्रम में कार्य योजना बनाने के लिए भी आदेशित किया गया, विशेष रूप से नगर आयुक्त द्वारा उद्यान विभाग के मालियों की प्रतिदिन की उपस्थिति भी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया' नगर आयुक्त द्वारा बैठक में निर्माण विभाग के कार्यों की भी जानकारी ली गई एनके चौधरी मुख्य अभियंता निर्माण को चल रहे कार्यों की रफ्तार बढ़ाने के लिए कहा जिसमें संबंधित ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रतिदिन निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए एयर क्वालिटी इंडेक्स तथा अन्य माध्यम से चल रहे कार्यों प्रोग्रेस रिपोर्ट भी देखी गई, प्रभारी विज्ञापन पल्लवी सिंह को नियमित अवैध रूप से लगे हुए होर्डिंग पर जोन वार अभियान को निरंतर बनाए रखने के लिए भी निर्देश दिए' नगर आयुक्त द्वारा अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव तथा अवनेंद्र कुमार को जहां विभाग अनुसार कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए निर्देश दिए वहीं प्रातः कालीन निरीक्षण के लिए भी निर्देशित किया गया, अवैध अतिक्रमण को लेकर मार्केट एरिया तथा अन्य क्षेत्रों में जोनवार कार्यवाही के लिए भी निर्देश दिए गए जोनल प्रभारी की देखरेख में अभियान चलाने के लिए कहा गया इसी क्रम में पॉलिथीन मुक्त अभियान को भी रफ्तार देने के निर्देश दिए मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव को केंद्र तथा राज्य सरकार की योजना कैशलेस योजना को बढ़ावा देते हुए अधिक से अधिक संपत्ति कर ऑनलाइन जमा करने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाने के लिए भी कार्य योजना बनाने के लिए निर्देश दिए।

### बैठक में प्रकाश विभाग को लेकर नगर आयुक्त हुए सख्त

**(करंट क्राइम)।** नगर आयुक्त द्वारा प्रकाश प्रभारी आश कुमार को रात्रि में शहर निरीक्षण करने के कड़े निर्देश जारी किए साथ ही गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में शत प्रतिशत लाइटों की व्यवस्था को सुद्दढ़ करने के लिए भी कहा गया, रात्रि में प्रकाश विभाग की टीम मॉनिटरिंग को और अधिक बेहतर करें इसके लिए विशेष कार्य करने के निर्देश दिए गए जोनवार प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया ऐसे स्थान जो गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आते हैं जो की आंतरिक गलियां है उनमें भी विशेष रूप से प्रकाश व्यवस्था को दो दिन के भीतर सुद्दढ़ करने के लिए कड़े निर्देश जारी किए, नगर आयुक्त द्वारा उद्यान प्रभारी डॉक्टर अनुज को पार्कों में लगे पौधों की सिंचाई सेंट्रल वर्ज में लगे पौधों की सिंचाई ग्रीन बेल्ट में अन्य क्षेत्र में कहीं भी लगे हुए पौधों की सिंचाई पर विशेष कार्य करने के निर्देश दिए जहां पार्कों की सफाई नियमित कराई जा रही है

## न्यूज डायरी

### युवकों ने पंच से युवक को किया घायल



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक युवक को उसके ही दोस्तो ने फोन कर बुलाया। फिर किसी बात पर हुये विवाद पर दोस्तो ने उसकी लात घूंसो से पिटाई कर दी। पुलिस ने दोनो को नामजद किया हैं। तिबड़ा रोड स्थित कृष्णाकुंज कालोनी निवासी राकेश का पुत्र अनुराग जब घर पर था, तभी उस पर उसके मित्र का फोन आया, और उसे तिबड़ा फाटक पर मिलने को कहा। आरोप है कि इसी बीच मित्र से मामूली कहासुनी हो गयी, तो उन्होने गाली गलौच करते हुये पंच से वारकर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने घायल पक्ष की और से इस मामले में अंश यादव व उसके अन्य साथी निवासीगण नेहरू कालोनी को नामजद किया हैं। आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

### बाइक सवार युवक बैग चोरी कर भागा



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** क्रिकेट खेल रहे खिलाडियों का बैग बाईक सवार एक युवक चुराकर ले भागा, बैग में कीमती दो मोबाईल व अन्य सामान चोरी होने की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। पुलिस फुटेज के आधार पर जांच कर रही है। गुरूद्वारा रोड निवासी कान्ति प्रसाद बाली का पुत्र गौरव अपने दोस्त के साथ खेल के मैदान में क्रिकेट खेलने गया था, खेलते समय अपने दोस्त साहिब मलिक के साथ ही उसने बैग मे अन्य सामान के साथ मोबाइल भी रख दिये। जब वे खेल रहे थे, इसी बीच एक युवक बाईक से आया ओर उनके बैग को चुराकर चम्पत हो गया। खेल के दौरान जब उनकी नजर पडी तो बैग गायब पाया। मैदान में लगे कैमरे में साफ बैग चोरी कर ले जा रहे युवक की फुटेज पुलिस को सौंप दी गयी। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

# बिजली न आने पर दो घंटे रोड जाम कर किया प्रदर्शन

## चौकी इंचार्ज ने रोड जाम करने के आरोप में 70-80 लोगों के विरुद्ध किया मुकदमा दर्ज





**लोनी (करंट क्राइम)।** बदन झुलसा देने वाली गर्मी में पूरा दिन बिजली ना मिलने के कारण इंद्रप्रस्थ और श्रीराम कॉलोनी के लोगों ने रात करीब 11 बजे टीला मोड बिजलीघर के सामने लोनी गाजियाबाद मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। करीब दो घंटे तक जाम रहने के बाद ट्रांसफार्मर बदलकर विद्युत आपूर्ति सुचारु की गई। जिसके बाद प्रदर्शनकारी वापस लौटे।

सेवा धाम चौकी इंचार्ज ने रोड जाम करने के आरोप में 70-80 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बंथला की श्रीराम तथा इंद्रप्रस्थ कॉलोनी के डी और एफ ब्लाक में विद्युत आपूर्ति कराने वाला 250 केवी का विद्युत ट्रांसफार्मर सोमवार सुबह फुंक गया था। जिसके बाद श्रीराम और इंद्रप्रस्थ कॉलोनी की विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई थी। सारा दिन कॉलोनीवासी विद्युत विभाग से ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग करते रहे, लेकिन सोमवार रात 11 बजे तक भी ट्रांसफार्मर नही बदला गया। जिसके बाद सैकडों कॉलोनीवासी टीला मोड बिजलीघर के सामने पहुंच गए और लोनी गाजियाबाद रोड पर जाम लगाकर विद्युत विभाग के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। करीब दो घंटे बाद विद्युत विभाग ने फुंका ट्रांसफार्मर बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगवाया जिसके बाद विद्युत आपूर्ति सुचारु हो पाई और प्रदर्शनकारी वापस लौटे। सेवा धाम चौकी इंचार्ज प्रशांत रावत ने धारा 144 का उल्लंघन करने तथा रोड जाम कर आवश्यक कार्यो को बाधित करने के आरोप में 70-80 अज्ञात कॉलोनीवासियों के विरुद्ध लोनी बार्डर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। एसीपी भास्कर वर्मा का कहना है कि जांच के बाद प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध उचित संवैधानिक कार्रवाई की जाऐगी। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता नीरज यादव का कहना है कि गर्मी चरम पर है ऐसे में कई बार ओवरलोडिंग के कारण ट्रांसफार्मर डेमेज हो जाता है अथवा विद्युत लाइन में फाल्ट आ जाता है। ट्रांसफार्मर बदलने में कुछ समय लगता है। जिसके कारण लोगों को परेशानी हुई , लेकिन लोगों के जाम लगाने से पहले ही ट्रांसफार्मर बदल दिया गया था।




### फूल वाले ठाकुर अब बन गये हैं पौधे वालों के प्रधान

वैसे तो उस मडंल में सारे साफ्ट फ्लावर वाले ही हैं लेकिन यहां की फूल कहानी हार्ड है। इधर के मडंल प्रधान के साथ सीन कुछ ऐसा हो गया कि मौहल्ले वाला टिकट हाथ नही आया और मडंल की प्रधानी भी हाथ से गई। कहने वाले ने कहा कि ऐसा क्यों लगता है कि सारे पालिटिकल सितम ठाकुरों के साथ ही हो रहे हैं। अब मौहल्ले में शोर ये मच रहा है कि मौहल्ले का ठाकुर अब नये पद के साथ आ रहा है। वो अपने नाम के आगे फूल वालों का पूर्व लिखने के बजाय पौधे वालों का वर्तमान प्रधान लिखेगा। अब फूल वाले ठाकुर का नया पद पौधे वालों का गाजियाबाद नोएडा प्रधान है। हरे पौधे वालों की जिस दुकान में फूल वाले ठाकुर साहब गये हैं उस दुकान में ऑलरेडी दो खान हैं।

### तुम चुनाव ड्यूटी कटवाते हो और हम ड्यूटी लगवाते हैं

वार्तालाप सरकार वाले दल और सरकारी वाले बल के बीच हो रहा था। सरकारी वाले ने जोर देकर कहा कि सरकार वाले कई बार ऐसा काम लाते हैं कि सरकार ही बदनाम हो जाती है। सरकारी वाले कभी सरकार वालों की शिकायत नही करते लेकिन सरकार वाले शिकायत का कोई मौका नही छोड़ते। सरकार वाले ने कहा कि काम तो हम भी सरकार का ही कर रहे हैं। लाभार्थी तलाशने से लेकर वोट पर्ची घर तक पहुंचा रहे हैं। अब सरकार वाले दल के देवतुल्य ने कहा कि हमारी बराबरी तो तुम सरकारी मुलाजिमों से हो नही पायेगी। उसने कहा कि सरकारी महकमें वालों की चुनाव डयूटी लगती है और वो उस डयूटी को कटवाने के लिये सारे जोर लगा देते हैं। एक सरकार के दल वाले देवतुल्य है कि सारे जोर लगाकर चुनाव प्रचार की डयूटी लेते हैं। किसी ने लखनऊ में डेरा डाल लिया है तो कोई बनारस जाकर प्रचार कर रहा है। एक माननीय जी तो चंडीगढ़ में बैठके ले रहे हैं। चार महामंत्री हरदोई में चुनाव प्रचार की डयूटी कर रहे हैं और एक तुम हो कि चुनाव डयूटी से बचने के लिये कोई बीमार ही हो जाता है।

### नदिया पार वाले सरदार इस बार भी डालेगें लखनऊ में वोट

चुनाव लखनऊ में होता है और डेरा गाजियाबाद वाले वहां डाल लेते हैं। अब लखनऊ वाले यहां वालों के कहने से इतना ही मानते होंगे जितना जिला पंचायत चुनाव में मुरादनगर वाले क्रांसिंग वालों के कहने से मान गये थे। बहरहाल पुरानी पोस्ट से ही याद दिलाया गया कि नदिया पार वाले भगवा सरदार ने तो कतई हदिया पार कर दी थी। प्रचार के फोटो डाले ही साथ में एक बूथ के बाहर खड़े होकर हाथ की फिंगर पर मतदान वाली स्याही का निशान दिखाते हुये पोस्ट डाली थी कि हमने मतदान किया और उन्हे ध्यान नही रहा होगा कि वो वोटर तो गाजियाबाद के हैं। संभालने वालों ने स्क्रीन शॉट सहेज रखा है। कहने वाले ने कहा कि नदिया पार वाले भगवा सरदार इस बार भी लखनऊ में वोट डालेगें। बीएलओ को क्या पता कि सरदार तो नदियापार का वोटर है।




### फिर स्पेशल ड्यूटी वाले हटाए गए




पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में एक कार्यालय को जाने किसकी नजर लग गई है। वहां पर स्पेशल ड्यूटी पर आने वाले टू-स्टार एक के बाद एक निशाने पर आ रहे हैं। सूत्र बता रहे हैं कि पहले प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के आसपास एक थ्री-स्टार और एक टू-स्टार निशाने पर आए थे। तो सूत्र बता रहे हैं कि इस कार्यालय के एक और टू-स्टार को फिर करवाई वाला करंट दिया गया है। बताया जा रहा है कि अभी तो टू-स्टार ठीक प्रकार से वर्किंग स्टाइल सीख ही रहा था कि इसी बीच उसको हटा दिया गया है। बताया जा रहा है कि यह टू-स्टार देहात की एक नगर वाली चौकी पर मुस्तैद था। वहां से इसे स्पेशल ड्यूटी पर खास ऑफिस में बुलाया गया था। जैसा सुनने में आ रहा है कि अभी कुछ दिन ही बीते थे कि फिर से टू-स्टार को हटा दिया गया है। ऐसा रात वाले स्पेशल ड्यूटी स्टाफ के साथ क्यों हो रहा है इसकी चर्चा पुलिस कमिश्नरेट के कई तलवारधारियों के कार्यालय में हो रही है। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में सुनने में आ रहा है कि जो दिन वाले हैं वह भी स्पेशल ड्यूटी पर ही हैं। पर रात वाले लगातार कार्रवाई का शिकार हो रहे हैं। इन सबके बीच जानकारी यह है की पिंक बूथ वाली मीटिंग में शनिवार को जो माहौल बना था, उसके बाद रविवार का मामला कैंसिल हुआ था। उधर सूत्र बताते हैं कि रविवार को मीटिंग कैंसिल होने की जानकारी संबंधित विभाग वालों को तब लगी जब वह दो बजे तक मीटिंग में अपने ऑफिसर्स के आने के वेट में बैठे-बैठे लेट हो गए थे। इसी के साथ पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि अब यहां कौन टू-स्टार आएगा इसके लिए सर्च वाला काम चल रहा है। इसी के साथ मंगलवार को फिर चुनाव वाली ड्यूटी के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल रवाना हुआ है। देखना होगा कि चुनावी सीजन में इसका क्राइम और लॉ एंड ऑर्डर पर क्या असर पड़ता है। कुल मिलाकर कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में चर्चा यह है की खास ऑफिस में स्पेशल ड्यूटी पर आने वाले पुलिसकर्मियों से ऐसी कौन सी खता हो रही है जो थोड़े-थोड़े समय पर उनको सजा मिल रही है। **वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि वैसे अभी तक जो भी कार्रवाई खास वाले ऑफिस में हुई है, वहां पर शिकार होने वाल फेस नाइट ड्यूटी वाले ही बताए जा रहे रहे हैं। अब देखना होगा यहां कौन आएगा।**

## पड़ोसी युवती के साथ दो वर्षों से दुष्कर्म कर रहा था शादीशुदा युवक, आरोप



**लोनी (करंट क्राइम)।** एक युवती ने पडोस में रहने वाले शादीशुदा युवक पर नहाते समय अश्लील वीडियो और फोटो बना ली तथा उन्हे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। आरोप है कि युवक उसके साथ कई वर्षों से दुष्कर्म कर रहा था और डरा धमकाकर अप्राकृतिक यौन सम्बन्ध भी बनाता था विरोध करने पर जातिसूचक शब्दो का इस्तेमाल करते हुए गालीगलौच करता था। आरोप है कि कई बार गर्भपात करा चुका है।

पीडिता ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए लोनी बार्डर थाने में तहरीर दे दी है। लोनी बार्डर थाने की एक कॉलोनी में रहने वाली युवती ने बताया कि वह एक प्राईवेट कम्पनी में नौकरी करती है। आरोप कि उसके पडोस में रहने वाला युवक अक्सर उनके घर आता जाता था। दिसम्बर 2022 को उसके परिजन बाहर गए थे और वह नहा रही थी।

इसी दौरान पडोसी युवक चुपचाप उसके घर आ गया और उसकी नग्न वीडियो और फोटो बना ली। कुछ दिन बाद उसने उसके वह फोटो उसे मोबाइल पर भेजे और दोस्ती का प्रस्ताव रखा , इंकार करने पर उन फोटो वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर जनवरी 2023 में उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और छिपाकर रखे गए कैमरे से अश्लील वीडियो बना ली। जिसके बाद अक्सर वह उसे ब्लैकमेल कर शारीरिक सम्बन्ध बनाने लगा।

हर बार वह उसे वीडियो डिलीट करने का आश्वासन देता था, लेकिन उसकी हवस पूरी नही हुई। कई बार वह गर्भवती हुई और हर बार वह उसका गर्भपात कराता रहा। वह अपनी पत्नी को झगडा कर कई कई माह के लिए उसके मायके छोड आता था। आरोप है कि युवक उससे हजारों रुपए भी उधार लिए, लेकिन पैसे नही लौटाए।

दुष्कर्म का विरोध करने अथवा पैसे मांगने पर उसे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौच करता था। पीडिता ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए लोनी बार्डर थाने में तहरीर दे दी है। एसीपी भास्कर वर्मा का कहना है कि मामले की जांच के बाद उचित संवैधानिक कार्रवाई की जाऐगी।

## कार सवार युवक के साथ मारपीट, पुलिस आरोपियों को कर रही तलाश



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** कार सवार युवक को स्कूटी सवार युवको ने सरेराह पीटना शुरू कर दिया, इतना ही नही उसकी कार के शीशे भी तोड़ डाले। लोग मूकदर्शन बनकर विडियों बनाते दिखे ओर कुछ देर बाद यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गयी। पीडित पक्ष ने इस बावत थाने में तहरीर दी हैं। मेरठ के बागपत रोड निवासी प्रमोद कुमार की रिश्तेदारी मे मौत हो गयी थी। दिल्ली मे तेरहवीं मे शामिल होने के लिये वह कार से जब दिल्ली जा रहे थे, तभी राज चैपले पर स्कूटी सवार दो युवक आगे चल रहे थे, उन्होने स्कूटी को सडक पर रोककर कार चालक पर गाली बरसानी शुरू कर दी, उसके बाद इन युवको ने कार सवार प्रमोद कुमार को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया ओर उसकी कार के शीशे तोड डाले, यह कारनामा व्यस्तम चैराहे पर मूकदर्शन बनकर लोग देखते रहे ओर विडियो बनाने मे मशगूल दिखे। सोशल मीडिया पर घटना वायरल हो गयी। इस बीच पीडित पक्ष ने थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस स्कूटी नंबर के आधार पर आरोपियों की धरपकड़ में जुटी है।

## दहेज में कार और दो लाख की मांग पूरी ना करने पर विवाहिता को मार डाला



**लोनी (करंट क्राइम)।** दहेज में दो लाख की नकदी और कार की मांग पूरी ना करने पर सोमवार रात करीब नौ बजे लोनी बार्डर थाने की न्यू रामप्रस्थ विहार कॉलोनी मे नवविवाहिता की छत से धक्का देकर हत्या कर दी गई। मृतका के भाई ने ससुरालियों के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया है।

बदायू जनपद निवासी राजकुमार ने बताया कि 27 नवंबर 2023 को उसकी 22 वर्षीय बहन की शादी लोनी बार्डर थाने की न्यू रामप्रस्थ विहार कॉलोनी निवासी ज्ञान सिंह के पुत्र संदीप के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ससुरालियां उसकी बहन से दहेज में दो लाख रुपए की नकदी और कार की मांग कर रहे थे। जिसके लिए उसे ससुराल में लगातार प्रताडित किया जा रहा था। जिसको लेकर आए दिन उसके साथ मारपीट की जाती थी तथा शशी को छोटी छोटी वस्तुओं के लिए तरसाया जाता था। सोमवार को वह पति से दवा दिलाने की मांग कर रही थी, लेकिन पति ने उसे दोपहर तक पैसे आने के बाद दवा दिलाने को कहा था। रात में करीब नौ बजे शशी की मकान की छत से गिरने के कारण मौत हो गई। उसका पति उसे दिल्ली के जीटीबी अस्पताल ले गया था, लेकिन वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शशी के भाई राजकुमार ने पति संजीव, ससुर ज्ञान सिंह, सास मिथलेश, जेठ सोनू और संजू के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस ने पति संदीप उर्फ मोनू को हिरासत में ले लिया है तथा मामले की जांच कर रही है। संदीप का कहना है कि शशी ने बालकनी से कूदकर स्वयं आत्महत्या की है। जबकि राजकुमार का कहना है कि शशी को मकान की तीसरी मंजिसे धक्का देकर मारा गया है।

दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच...
07 | नई दिल्ली, बुधवार ● 08 मई-2024

# उफ ! गर्मी
# बचाव एवं उपचार



ग्रीष्म ऋतु, वर्ष की छह ऋतुओं में से एक ऋतु है, जिसमें वातावरण का तापमान प्रायः उच्च रहता है। भारत में यह अप्रैल से जुलाई तक होती है। ज्येष्ठ और आषाढ के महीने ग्रीष्म ऋतु होती है। इन मासों में सूर्य की किरणें इतनी तेज होती हैं कि प्रातःकाल में भी उन्हें सहन करना सरल नहीं होता। सूर्य के पृथ्वी के निकट आ जाने से यह ऋतु उत्पन्न होती है। इस ऋतु मैं प्रायः भारत के सभी स्थानों का तापमान बढ़ जाता है। सामान्यतः गुजरात और राजस्थान मैं गर्म हवायें चलती है जिन्हें लू कहा जाता है।राजस्थान एक मरुस्थलीय इलाका है जहां तापमान सबसे अधिक होता है। तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक हो जाता है । इस ऋतु में वर्षा भी होती है। इस मौसम में कुछ खरीफ की फसलें बोई जाती है। गर्मी से हमें लाभ भी बहुत हैं। यदि गर्मी अच्छी पड़ती है तो वर्षा भी खूब होती है। गर्मी के कारण ही अनाज पकता है और खाने योग्य बनता है। ग्रीष्म ऋतु में गर्मी के कारण विषैले कीटाणु नष्ट हो जाते हैं। इस ऋतु में आम, लीची आदि अनेक रसीले फल भी होते हैं। इनका स्वाद निराला होता है। भारत में सामान्यतया 15 मार्च से 15 जून तक ग्रीष्म मानी जाती है। इस समय तक सूर्य भूमध्य रेखा से कर्क रेखा की ओर बढ़ता है, जिससे सम्पूर्ण देश में तापमान में वृद्धि होने लगती है। इस समय सूर्य की कर्क रेखा की ओर अग्रसर होने के साथ ही तापमान का अधिकतम बिन्दु भी क्रमशः दक्षिण से उत्तर की ओर बढ़ता जाता है और मई के अन्त में देश के उत्तरी-पश्चिमी भाग में यह 48 सें.गे. तक पहुँच जाता है।

**मंगलवार का तापमान**
अधिकतम 41°
न्यूनतम 30°



इस समय उत्तरी भारत अधिकतम तापमान तथा न्यूनतम वायुदाब के क्षेत्र में परिवर्तित होने लगता है। उत्तर-पश्चिमी भारत में स्थित थार मरुस्थल पर मिलने वाला न्यूनतम वायुदाब क्षेत्र बढ़कर सम्पूर्ण छोटा नागपुर पठार को भी आवृत कर लेता है, जिसके कारण स्थानीय एवं सागरीय आर्द्र हवाओं का परिसंचरण इस ओर प्रारम्भ हो जाता है और स्थानीय प्रबल तूफानों का जन्म होता है। मूसलाधर वर्षा एवं ओलों के गिरने यहाँ तीव्रगति वाले प्रचण्ड तूफान भी बन जाते हैं, जिनका कारण स्थलीय गर्म एवं शुष्क वायु का सागरीय आर्द्र वायु से मिलना है। उत्तर पश्चिमी भारत के शुष्क भागों में इस समय चलने वाली गर्म एवं शुष्क हवाओं को 'लू' कहा जाता है। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रायः शाम के समय धूल भरी आँधियाँ आती है, जिनके कारण दृश्यता तक कम हो जाती है।

## गर्मियों में कैसे रखें सेहत का ख्याल, क्या करें-क्या नहीं ?

देश के ज्यादातर हिस्से इन दिनों भीषण गर्मी-लू की चपेट में हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 42 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ती गर्मी को लेकर भी लोगों को अलर्ट किया गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने से हीटस्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याओं का खतरा हो सकता है। इसके अलावा पहले से ही क्रोनिक बीमारियों जैसे ब्लड प्रेशर, हार्ट की समस्या और डायबिटीज रोगियों के लिए गर्मी का ये मौसम कई तरह की जटिलताओं को बढ़ाने वाला हो सकता है। डॉक्टर्स का सुझाव है कि गर्मी के दिनों में शरीर को हाइड्रेट और ठंडा बनाए रखने के लिए निरंतर उपाय करते रहना जरूरी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी इसके लिए सुझाव दिए हैं जिनका सभी को पालन करना चाहिए।



## गर्मी के कारण हो सकती हैं कई प्रकार की दिक्कतें

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया गर्मी और हीटवेव के कारण त्वचा की दिक्कतें बढ़ने के साथ शरीर का तापमान तेजी से बढ़ जाने, उल्टी-दस्त, मांसपेशियों में कमजोरी-ऐंठन की समस्या के साथ लो ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। क्रोनिक बीमारी के शिकार लोगों को गर्मी के कारण जटिलताएं बढ़ सकती हैं। गर्मी के दिनों में पाचन स्वास्थ्य की गड़बड़ी, दस्त की दिक्कतें और अधिक हो सकती हैं इसलिए जरूरी है कि आप पहले से ही सुरक्षात्मक उपाय करते रहें।






### गर्मी से बचाव के लिए क्या करें?

- शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए खूब पानी पीते रहें।
- सूती और ढीले कपड़े पहनें। ये शरीर को ठंडा रखने में मददगार है।
- पूरे कपड़े पहनें, हाथों को अच्छे से कवर करके रखें।
- दोपहर के समय घर से अनावश्यक रूप से बाहर जानें से बचें।

### क्या न करें?

- गर्मी से बचाव के लिए बच्चों और जानवरों को गाड़ी में न छोड़ें।
- दोपहर के समय बाहर किसी भी प्रकार की गतिविधियों से बचें।
- शराब- कार्बोनेट ड्रिंक्स के सेवन से बचा जाना चाहिए।
- धूप के सीधे संपर्क में आने से बचा जाना चाहिए।

### गर्मी-लू की बढ़ती समस्याएं

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा आपका स्वास्थ्य आपकी प्राथमिकता है। गर्मी-लू के लक्षणों को पहचानना और गर्मी से संबंधित बीमारियों के प्रति सतर्कता बरतते रहना जरूरी है। गर्मी के दुष्प्रभावों से बचाव के लिए जरूरी है कि आपके शरीर में पानी की कमी न होने पाए।इस मौसम में डिहाइड्रेशन और इसके कारण होने वाली बीमारियों का जोखिम अधिक होता है।

बाहरी तापमान के अधिक संपर्क में रहने से सेहत पर कई प्रकार से नकारात्मक असर हो सकता है। गर्मी से होने वाली समस्याओं को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए।

### गर्मी से रहें सावधान

स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर साझा किए गए संदेश में गर्मी से बचाव के लिए कुछ जरूरी टिप्स बताए हैं, जिसकी मदद से आप कई प्रकार की बीमारियों के खतरे को कम कर सकते हैं।

- धूप में अनावश्यक रूप से घर से बाहर जाने से बचें।
- बच्चों या पालतू जानवरों को पार्क किए गए वाहनों में न छोड़ें।
- नंगे पैर बाहर न निकलें। शरीर को कवर करने के लिए सूती और ढीले कपड़े ही पहनें।
- दोपहर के समय बाहर की गतिविधियों से बचें।





### गर्मी के कारण होने वाली समस्याओं का खतरा

डॉक्टर्स कहते हैं, गर्मी का मौसम कई प्रकार बीमारियों का कारण बन सकता है। लू-लगने या तेज गर्मी के कारण शरीर का तापमान बढ़ने और लो ब्लड प्रेशर की दिक्कतों के कारण चक्कर आने, सिरदर्द, बेहोशी की समस्या हो सकती है। गर्मी के दिनों में हीट-स्ट्रोक सबसे गंभीर बीमारी है। यह तब होता है जब शरीर अपने तापमान को नियंत्रित नहीं कर पाता। शरीर का तापमान तेजी से बढ़ने के साथ पसीना तंत्र विफल हो जाता है जिससे शरीर प्राकृतिक रूप से ठंडा होने में असमर्थ हो जाता है। इस स्थिति में कई प्रकार की अल्पकालिक और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

### गर्मी से जुड़े अन्य जोखिम कारक

आयु। शिशु और 4 वर्ष की आयु तक के बच्चे, और 65 वर्ष से अधिक आयु के वयस्क, विशेष रूप से असुरक्षित हैं क्योंकि वे अन्य लोगों की तुलना में अधिक धीरे-धीरे गर्मी के साथ तालमेल बिठाते हैं।

कुछ स्वास्थ्य स्थितियाँ. इनमें हृदय , फेफड़े या गुर्दे की बीमारी , मोटापा या कम वजन, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मानसिक बीमारी, सिकल सेल लक्षण, शराब , सनबर्न और बुखार पैदा करने वाली कोई भी स्थिति शामिल है। मधुमेह से पीड़ित लोगों को आपातकालीन कक्ष में जाने, अस्पताल में भर्ती होने और गर्मी से संबंधित बीमारी से मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है और विशेष रूप से गर्मी की लहरों के दौरान उनके जोखिम को कम आंकने की संभावना हो सकती है।

औषधियाँ इनमें निम्नलिखित वर्गों की कुछ दवाएं शामिल हैं: मूत्रवर्धक, शामक, ट्रैंक्विलाइजर, उत्तेजक, हृदय और रक्तचाप की दवाएं, और मनोरोग स्थितियों के लिए दवाएं।

यह देखने के लिए अपने चिकित्सक से जाँच करें कि क्या आपकी स्वास्थ्य स्थितियाँ और दवाएँ अत्यधिक गर्मी और आर्द्रता से निपटने की आपकी क्षमता को प्रभावित कर सकती हैं।

## गर्म मौसम का शरीर पर असर एवं उपचार

### असर

- गर्मी की वजह से ब्लड प्रेशर की परेशानी
- पसीना निकलने से शरीर में इलेक्ट्रोलाइड की कमी
- हीट स्ट्रोक से हृदय पर दबाव
- धड़कन तेज हो तो फौरन परीक्षण

### उपचार

- दवा का एडजस्टमेंट कराएं
- हृदय रोगी भी दवा की डोज चेक कराएं
- असमान्य धड़कन पर परीक्षण कराएं
- गर्मी में अधिक देर धूप में न निकलें
- पानी का सेवन अधिक करें
- बाहर का खाना न खाएं
- एक बार में पेट भरकर खाना न खाएं
- नमक का सेवन कम करें
- प्रतिदिन 40 मिनट व्यायाम, योग या पैदल चलें
- ब्लड प्रेशर की परेशानी है तो एक सप्ताह तक निगरानी करें







## लू से बचाव : बरतें ये 10 सावधानियां

1. खुले शरीर धूप में न निकलें, खासकर खुले सिर व नंगे पैर धूप में बाहर कतई न जाएं।

2. अगर धूप में बाहर निकलना ही पड़े तो सिर अवश्य ढंके। आंखों पर सनग्लासेस लगाएं और हो सके तो सफेद या हल्के रंग के कॉटन के कपड़े ही पहनें। अचानक ठंडी जगह से एकदम गर्म जगह ना जाएं। खासकर एसी में बैठे रहने के बाद तुरंत धूप में ना निकलें। कच्चा प्याज रोज खाएं। धूप में निकलने पर अपने पॉकेट में छोटा सा प्याज रखें, यह लू शरीर को लगने नहीं देता और सारी गर्मी खुद सोख लेता है।

3. कूलर व ए सी के सामने से हटकर एकदम से बाहर न जाए।

4. गर्मी के मौसम में चाय-कॉफी आदि गर्म पेय का सेवन अत्यंत कम कर देना चाहिए साथ ही मसालेदार चीजें भी कम खाएं।

5. गर्मियों में प्यास बुझाने के लिए नींबू के रस में मिट्टी के घड़े अथवा सुराही के पानी का सेवन करवाना चाहिए।

6. अत्यधिक बर्फ का पानी पीने से लाभ के बजाए हानि हो सकती है।

7. गर्मी के दिनों में हल्का व शीघ्र पचने वाला भोजन करना चाहिए। बाहर जाते समय खाली पेट नहीं जाना चाहिए।

8. गर्मी के दिनों में बार-बार पानी पीते रहना चाहिए ताकि शरीर में जलीयांश की कमी नहीं होने पाए। पानी में नींबू व नमक मिलाकर दिन में दो-तीन बार पीते रहने से लू नहीं लगती।

9. गर्मी के दौरान नरम, मुलायम, सूती कपड़े पहनना चाहिए जिससे हवा और कपड़े शरीर के पसीने को सोखते रहते हैं।

10. गर्मी में ठंडाई का सेवन नियमित करना चाहिए। मौसमी फलों का सेवन भी लाभदायक रहता है जैसे, खरबूजा, तरबूज, अंगूर इत्यादि।

### लू लगने पर क्या करें ?

1. लू लगने पर मौसमी फल, फल का रस, दही, मठ्ठा, जीरा छाछ, जलजीरा, लस्सी, आम का पना पिएं या आम की चटनी खाएं।

2. लू लगने पर तत्काल योग्य डॉक्टर को दिखाना चाहिए। डॉक्टर को दिखाने के पूर्व कुछ प्राथमिक उपचार करने पर भी लू के रोगी को राहत महसूस होने लगती है।

3. बुखार तेज होने पर रोगी को ठंडी खुली हवा में आराम करवाना चाहिए। 104 डिग्री से अधिक बुखार होने पर बर्फ की पट्टी सिर पर रखना चाहिए।

4. रोगी को तुरंत प्याज का रस शहद में मिलाकर देना चाहिए। रोगी के शरीर को दिन में चार-पांच बार गीले तौलिए से पोंछना चाहिए।

5. कैरी का पना विशेष लाभदायक होता है। कच्चे आम को गरम राख पर मंद आंच वाले अंगारे में भुनें।ठंडा होने पर उसका गूदा (पल्प) निकालकर उसमें पानी मिलाकर मसलना चाहिए। इसमें जीरा, धनिया, शकर, नमक, कालीमिर्च डालकर पना बनाना चाहिए। पने को रोगी को थोड़ी-थोड़ी देर में दिया जाना चाहिए।

6. जौ का आटा व पिसा हुआ प्याज मिलाकर शरीर पर लेप करें तो लू से तुरंत राहत मिलती है। जब रोगी को बाहर ले जाएं, तो उसके कानों में गुलाब जल मिलाकर रूई के फाहे लगाएं। रोगी की नाभि पर खड़ा नमक रखकर उस पर धार बांध कर पानी गिराए। सारी गर्मी झड़ जाएगी।

7. मरीज के तलवे पर कच्ची लौकी घिसें, इससे सारी गर्मी लौकी खींच लेगी और तुरंत राहत मिलेगी। लौकी कुम्हला जाए तो समझें कि लू की गर्मी उतर रही है। यह क्रिया बार-बार दोहराएं।

8. इमली के बीज को पीसकर उसे पानी में घोलकर कपड़े से छान लें। इस पानी में शकर मिलाकर पीने से लू का शमन होता है।

9. मेथी की सूखी पत्तियों को ठंडे पानी में कुछ समय भिगोकर रखें, बाद में उसे हाथ से मसलकर छान लें, इस पानी में थोड़ा सा शहद मिलाकर दो-दो घंटे पर रोगी को पिलाएँ, इससे लू से तुरंत छुटकारा मिलता है।



# साया गोल्ड वैभव खंड में दूषित पानी से बीमार हो रहे लोग





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साया गोल्ड वैभव खंड के निवासियों ने मंगलवार को मंत्री सुनील शर्मा से मिलकर गुहार लगाई तथा साया गोल्ड के निवासियों के बुरे हाल के बारे में बताया कि कैसे वह दूषित पानी से संक्रमित होकर अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं तथा बिल्डर अभी तक मूलभूत सुविधा देने में भी फेल है।

बिल्डर विकास भसीन ने अफरा-तफरी में आधी-अधूरी बिल्डिंग में निवासियों को बैठा दिया। बिना मूलभूत सुविधा के निवासियों को संघर्षमय जीवन जीने पर मजबूर कर रखा है। मंत्री सुनील शर्मा ने सीएमओ साहब को फोन करके बिल्डर पर सख्त कार्रवाई करने को कहा तथा जीडीए सचिव को वहां के निवासियों की सहायता एवं बिल्डर के खिलाफ जांच करने के लिए भी कहा। निवासियों में आक्रोश है कि बिल्डर उनको बहुत समय से बेवकूफ बना रहा है तथा एक इंडिविजुअल निवासी बिल्डर की चाल के सामने अपने आपको असहाय महसूस करता है तथा लड़ने में असमर्थ है। वैभव खंड के पूर्व पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधि अभिनव जैन, नीतीश मिश्रा, प्रीति दत्ता, ध्रुव गुप्ता, जीएस राठौर आदि लोगों ने मिलकर मंत्री सुनील शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

# बाढ़ से बचाव के लिए नई तकनीक की आवश्यकता : सौरभ भट्ट उप जिलाधिकारी

## इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार बाढ़ नियंत्रण के संबंध में बैठक आयोजित





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार उप जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सौरभ भट्ट की अध्यक्षता में बाढ़ नियंत्रण के संबंध में बैठक आयोजित हुई।

सौरभ भट्ट उप जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान बाढ़ से संबंधित सभी बिन्दुओं जैसे नदियां, अधिकतम निस्सरण, खतरे का निशान, कुल बंधों की लम्बाई, बाढ़ कंट्रोल रूम, बाढ़ चौकियां, नालों की संख्या व लम्बाई, जल प्लावन से प्रभावित ग्राम, बाढ़ से प्रभावित ग्राम, गत वर्ष का अधिकतम निस्सरण, बाढ़ पूर्वानुमान सूचना व्यवस्था, पीत सिग्नल, हरित संकेत सहित जनपद में बहने वाली नदियों के उद्गम स्थल की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने जाना कि गाजियाबाद में यमुना नदी जो हिमालय के बर्फ पिघलने से बहती है व हिंडन नदी जो सहारनपुर से प्राकृतिक नालों से होने वाले प्रवाह द्वारा बहती है। यमुना नदी पर ओखला बैराज है जो लोनी/ओखला तहसील में है व हिंडन नदी में हिंडन बैराज है जो मोदीनगर/गाजियाबाद तहसील में है।



सौरभ भट्ट उप जिलाधिकारी ने जाना कि बाढ़ कन्ट्रोल रूम सिंचाई निर्माण खण्ड, गाजियाबाद द्वारा 24 घंटे क्रियाशील रहने वाले सम्पर्क सूत्र- 0120-2759678, 9871465532 उपलब्ध हैं। इसके साथ ही जनपद में बाढ़ चौकियां हैं। सौरभ भट्ट ने कहा कि बाढ़ रोकने के लिए सबसे पहले जरूरी है कि उसका प्रभाव कैसे कम किया जाये। नालों की सफाई करवाई जाये।

इंसानों के साथ ही उनके जीव-जन्तुओं की तथा सामान की सुरक्षा की जाए। यदि आवश्यकता हो तो उन्हें समय से स्थानान्तरित किया जाये। आज तक जहां-जहां बाढ़ आयी हो वहां के अधिकारियों और ग्राम प्रधानों सहित अन्य वरिष्ठ एवं बुद्धिजीवी लोगों से सम्पर्क कर, बाढ़ को रोकने व नुकसान से बचने के बारे में चर्चा की जाए।

बाढ़ से बचाव के लिए परम्परागत तरीकों के साथ नई तकनीक और सोच को जोड़ते हुए कार्य करने की आवश्यकता है।

### बैठक में रही इन अधिकारियों की मौजूदगी

(करंट क्राइम)। बैठक में मुख्य रूप से योगेन्द्र प्रताप सिंह जिला सूचना अधिकारी, डॉ.अमित एसीएमओ, प्रशांत सक्सेना नायाब तहसीलदार, कृपा शंकर एआरओ, ए.सिंह एडीपीआरओ, निधि सिंह डीएचओ, शताक्षी मिश्रा एडीएओ, रविन्द्र कुमार एसीपी प्रोटोकोल, राहुल पाल सीएफओ, एनपी सिंह एई सहित अन्य संबंधित गणमान्य उपस्थित रहे।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि अरूण जी के तरूण के मन में घर कर गई है एक बात? सुना है जितना देना चाहिए था उतना नहीं दिया एक बड़े वैश्य नेता ने उनके साथ घटे टिपिकल घटनाक्रमों में साथ? बस मौके की नजाकत को देखकर उन्होंने खाकी वाले साहब को दिया यही संदेश? कहा बस कुछ दिनों की बात है तब तक आप इस फाईल पर मत दो ध्यान? जैसे ही एक महत्वपूर्ण तारीख निकल जायेगी, फिर शुरू कर देना अपना काम? सुना है शर्मा जी इस सिफारिश से नहीं है खुश? इसलिए वो दिखाई दे रहे हैं आजकल थोड़े-थोड़े रूष्ट?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि समाजवादी पार्टी के गाजियाबाद के तमाम बड़े नेता क्या करेंगे आपके सवाल के माध्यम से मेरा चैलेंज स्वीकार? क्या अपने बूथ की संख्या को वो लायेंगें आपके अखबार के माध्यम से बाहर? क्या देंगे वो आपको अपने बूथ नंबर की रिपोर्ट? कहने वाले ने कहा आप कितना ही उकसा लो इनमें से अधिकतर चेहरे बूथ की संख्या बताने से कतरा जायेंगे? ये आपके सवाल को जरूर पढ़ेंगे, लेकिन जानबूझ कर उससे ध्यान हटा जायेगें?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि गर्ग साहब इतना कन्फर्म है कि दो गोयलों पर नहीं होंगे भविष्य में ज्यादा मेहरबान? मगर हमें अंदर से पता चली है बात कि वो अग्रवाल जी के नाम पर भी नहीं देगें ध्यान? उन्होंने अपने दिल की मंशा कर दी है किसी से क्लीयर? कह दिया है कि दावेदारी में इनका साथ हम नहीं दे पायेंगे डियर? कहने वाले ने कहा जब खुद करा है धीरे धीरे पूरा समर्थन और असमर्थन वाला गेम? ऐसा लग रहा है कि गर्ग साहब के आंगन से टेक ऑफ करेगा भगवा कमांडर का प्लेन?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब भी नड्डा मैडम आती हैं गाजियाबाद तो उसके बाद बदल जाते हैं राजनीति के हालात? नड्डा मैडम को निमंत्रण करने में जायजबात करने वाले सौम्य चेहरे की रहती है हमेशा बड़ी भूमिका? कहने वाले ने कहा जब पहली बार आईं थी मैडम चड्डा गाजियाबाद? तब गर्ग साहब के बदल गये थे राजनीति के हालात? चमक गया था उनकी किस्मत का सितारा? अब एक बार फिर मैडम गाजियाबाद आईं है दोबारा? लग रहा है उनके दोबारा आने से अब जायजबात रखने वाले नेता के भी बदलेंगे हालात? जैसा गर्ग साहब के साथ हुआ वैसा ही होगा अब उनके साथ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्रान्तिकारी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार को कितने मिलेंगे वोट? इस पर मावी जी से लेकर प्रधान जी और डॉ साहब से लेकर मैडम कौमुदी ने प्रकट कर दिये है अपने विचार? इस विधानसभा में कसाना जी किसी भी तरह के आंकडे का फसाना बता ही नहीं रहे हैं यार? वो बिल्कुल भी नहीं दे रहे हैं गर्ग साहब को कितने वोट मिलेंगे, इस बारे में बयान? ये सामान्य वाली खामोशी है या उन्होंने थामा हुआ है अपने दिल में कोई तूफान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि तरूण जी के अरूण को लगातार देना होगा प्रशासनिक कार्यवाहियों पर ध्यान? कोई तो कहीं से दावं चल रहा है जिसका उन्हें अंदाजा नहीं है श्रीमान? तीर कहां से चला जा रहा है इस बात की निकालनी होगी उनको जानकारी? नहीं तो कार्यवाहियों का सिलसिला रहेगा इसी तरह से जारी? कहने वाले ने कहा तरूण भैया कोई सामान्य नेता नहीं है? उनके पास रही है पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अनुशासन वाले विभाग की जिम्मेदारी?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा अग्रवाल जी से पूछ लिया किसी ने सबके सामने एक सवाल? कहा ऐसा लग रहा है गर्ग साहब ने चुनावों में नहीं रखा ज्यादा आपको अपने नाल? हमें लग रहा है जैसे पूरे चुनाव में आपको रखा गया हो दूर? इस पर अग्रवाल जी ने कहा आपका प्रश्न एकदम गलत है हुजुर? उन्होंने कराया है और हमने पूरी शिद्दत से किया है पूरे चुनाव में काम? एक दिन पहले ही गर्ग साहब के साथ डेढ़ घंटा बैठकर हमने तमाम तरह की चर्चाएं की हैं श्रीमान? अफवाहों पर कृपया ना दे ध्यान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि आखिर तोड़ दी जटवाड़ा वाले एक चौधरी ब्रदर ने अपनी चुप्पी? करा दिया उन्होंने अपने बूथ से मिल रही जीत का एहसास? कहा हमारे यहां ये डॉली दीदी 100 प्रतिशत जीतेंगी? इस बात को लिखकर रख लो आप? कहने वाले ने कहा अब यहां पर हमें दूसरे चौधरी ब्रदर की चुप्पी टूटने का हैं इंतजार? हम चाहते हैं वो भी अपने मुख से बूथ पर एडवांस में मिलने वाली विजय का उद्घोष करें? आखिर अपने छोटे भाई की तरह वो भी शब्दों को रिस्क तो लें यार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बार आपने देखी होगी एक खास बात? भगवा कमांडर ने लोकसभा की कई सीटों का दौरा किया? मगर वो इतने लंबे ट्रेवल में अपने किसी भी साथी को लेकर नहीं गये अपने साथ? कहने वाले ने कहा इसके पीछे भी कोई योजना है श्रीमान? इतनी भागदौड़ करने के बाद फिलहाल थोड़े बहुत फ्री हुए हैं? किसी को इसीलिए भी साथ नहीं लेकर गये क्योंकि उनको भी तो कुछ सुकुन के पल चाहिए श्रीमान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जनरली साहब से जुड़े एक पूर्व प्रतिनिधि ने कुछ अलग ही किये हैं हालात क्लीयर? उन्होंने कहीं पर मजबूती से रखी है बात? दो क्रान्तिकारी विधानसभाओं में हालात ठीक नहीं है डियर? उन्होंने कहा है कि इन दोनों विधानसभाओं में हो रही है नेक-टू-नेक फाईट? मामला इस बार आसान नहीं है, हमें तो इस बार सीन लग रहा है कुछ टाईट? इतना जरूर है कि वोटो का अंतर कितना ही रहे, मगर हम जरूर जीत जायेंगे लोकसभा की फाईट?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# छठे दिन भी डीडीपीएस पर पैरेंट्स का धरना जारी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** छह दिन से धरना दे रहे अभिभावकों की बात सुनने को स्कूल प्रबंधन तैयार नहीं है। सोमवार को स्कूल की प्रधानाचार्य और सिटी मजिस्ट्रेट के मध्य हुई वार्ता भी बेनतीजा ही रही और प्रिंसिपल अपने फैसले से पीछे हटने को तैयार नहीं है। उधर, अभिभावकों का एक दल पीएमओ और एनसीपीसीआर के लिए दिल्ली रवाना हुआ। पैरेंट्स का कहना है कि उनकी मदद के लिए न सत्तारूढ़ पार्टी के जनप्रतिनिधि व नेता आ रहे हैं और न ही राज्य सरकार में कैबिनेट व राज्यमंत्री कोई मदद कर रहे हैं।

सबसे बड़ी बात यह है कि जिस संजयनगर सेक्टर-23 में डीडीपीएस स्कूल है और जहां पैरेंट्स आंदोलन कर रहे हैं, उसी सेक्टर-23 में प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभारी नरेन्द्र कश्यप का निवास है। चूंकि नरेन्द्र कश्यप लोकसभा चुनाव में स्टार प्रचारक हैं और प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में चुनाव प्रचार में लगे हैं इसलिए हो सकता है कि उन्हें इस प्रकरण के बारे में न पता हो लेकिन मोबाइल पर तो सूचना उन तक पहुंच ही गई होगी। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा भी पैरेंट्स और स्कूल प्रकरण को निपटाने के लिए मध्यस्थता के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। आरोप है कि सोमवार की रात स्कूल प्रबंधन ने बाउंसरों को बुलाकर कुछ महिला अभिभावकों के साथ मारपीट भी की थी, हालांकि इस संबंध में पुलिस में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। अब देखना यह है कि यह धरना और कितने दिन तक चलता है।

धरने के कारण स्कूल में बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है।

# गाजियाबाद के लिए जनरल वीके सिंह का धड़कता है दिल : अजय गुप्ता

## अपने निवास स्थान पर जन्मदिन मनाना ही है उसका प्रमाण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कहते हैं दिल्ली दिलवालों का शहर है पर गाजियाबाद ने दिल्ली को पीछे छोड़ दिया है। कोई सरकारी अफसर हो, मंत्री हो, स्थानीय सांसद जनरल वीके सिंह जो भी इस शहर में आता है, उसको शहर वाले दिल में बसा लेते है। इसका ताजा उदाहरण है जनरल वीके सिंह अपना जन्मदिन गाजियाबाद के नागरिकों के बीच मनाना चाहते हैं। इस बात से यह साबित होता है कि उन्हें गाजियाबाद वालों से कितना प्यार है।

गाजियाबाद के नागरिक भी उनसे कितना प्यार करते हैं। भारत के हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने वाले जनरल वीके सिंह को 10 मई 2024 को पूरा देश उनके जन्मदिन पर उनकी दीर्घायु होने पर प्रार्थना करेगा। देश का ऐसा सपूत जिसने अपने जीवन काल में, देश के प्रति हर कार्य में, चाहे वह थल सेना अध्यक्ष के रूप में हो या एक कुशल राजनीतिक के रूप में। दो-दो मंत्रिमंडल का कार्य संभालने पर, या कहो देश के नागरिक जो विदेशों में रहते हैं, उन पर संकट आया तो उन्होंने संकटमोचन के रूप में उनको स्वदेश लाने का कार्य किया। महानगर गाजियाबाद में 10 साल सांसद रहते हुए, लाखों लोगों के दिल में जगह बनाई।

गाजियाबाद का नाम पूरे विश्व में ऊंचा किया। ऐसे युगपुरुष जनरल वीके सिंह, जिनका जन्म ही भारत मां की सेवा के लिए हुआ हो। ऐसे महान व्यक्तित्व वाले जनरल वीके सिंह को 10 मई 2024 को उनके जन्मदिन पर दीघार्यु होने की प्रार्थना करते हैं। देश के सपूत राष्ट्रभक्ति से भरपूर, संकटमोचन कहे जाने वाले व्यक्तित्व, युगपुरुष को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। आप जियो हजारों साल साल के दिन हों पचास हजार।

## शोक सांत्वना



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वरिष्ठ पत्रकार तथा न्यूज वन इंडिया के सीएमडी अनुराग चड्ढा की माता कमला देवी का सोमवार को निधन हो गया था। उनका अंतिम संस्कार हिंडन मोक्ष स्थली पर किया गया। मंगलवार को शोक व्यक्त करने के लिए पूर्व राज्य सभा सांसद अनिल अग्रवाल, दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी, वरिष्ठ पत्रकार अनुज चौधरी,शक्ति सिंह, लोकेश राय सहित कई लोग पहुंचे। सभी ने स्वर्गीय कमला देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया।

# पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री की कोठी में चोरी

## सीसीटीवी फुटेज से चोर तक पहुंचेगी पुलिस



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के कौशांबी इलाके में पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री की कोठी में चोरी का मामला सामने आया है। फिलहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वैशाली सेक्टर-एक में पूर्व केंद्रीय कृषि और ग्रामीण उद्योग राज्यमंत्री की बंद कोठी से चोर ने लोहे की ग्रिल व अन्य सामान चुरा लिया। अधिवक्ता ने कोठी की जांच के बाद कौशांबी पुलिस को चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आसपास की सीसीटीवी फुटेज से चोर की पहचान करने में जुटी है। अधिवक्ता रामपाल सिंह ने पूर्व केंद्रीय मंत्री संघप्रिय गौतम की तरफ से शिकायत दी है। उनका कहना है कि राज्यमंत्री ने वैशाली सेक्टर-एक की कोठी को फरवरी तक जल आयोग को किराये पर दी हुई थी। अनुबंध खत्म होने के बाद आयोग के पदाधिकारियों ने कोठी खाली कर दी थी। वह समय-समय पर कोठी में जाकर देख-रेख करते थे। दो मई को जब कोठी पर पहुंचे तो देखा कि चोर ने ताला तोड़कर पानी की टोंटी, दरवाजों की कुंडी, बिजली के पैनल व ग्रिल समेत अन्य सामान चुरा लिया। सूचना पर कौशांबी पुलिस और अन्य अधिकारी पहुंचे। पुलिस ने निरीक्षण करके शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# गंगाजल संभालकर करें उपयोग... 40 दिनों तक कम होगी आपूर्ति

**साहिबाबाद।** टिहरी बांध पर मरम्मत कार्य होने से अगले 40 दिन (15 जून) तक टीएचए और नोएडा में गंगाजल की कम आपूर्ति होगी। इसे लेकर जल निगम ने शहरवासियों को गंगाजल संभालकर उपयोग करने की अपील की है।

सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता पीके जैन ने बताया कि टिहरी बांध पर मरम्मत कार्य किया जा रहा है। ऐसे में जहां 13 हजार क्यूसेक गंगाजल की आपूर्ति हो रही थी व घटकर 6-7 हजार क्यूसेक ही हो गई है। यह सिलसिला अगले 40 दिन तक चलेगा।

बता दें कि गंगनहर से गंगाजल आने के बाद सिद्धार्थ विहार और प्रताप विहार स्थित प्लांट से इंदिरापुरम, वसुंधरा, वैशाली, कौशांबी, सिद्धार्थ विहार, डेल्टा कॉलोनी और नोएडा में गंगाजल की आपूर्ति होती है।



## गंगाजल प्लांट से इतनी आपूर्ति

### सिद्धार्थ विहार प्लांट से

- 100 क्यूसेक गंगाजल की आपूर्ति इस प्लांट से होती है
- 80 क्यूसेक नोएडा को
- 15 क्यूसेक इंदिरापुरम को
- 5 क्यूसेक सिद्धार्थ विहार योजना को

### प्रताप विहार प्लांट से

- 50 क्यूसेक गंगाजल की आपूर्ति इस प्लांट से होती है
- 23 क्यूसेक वसुंधरा (निगम) जोन को
- 7 क्यूसेक इंदिरापुरम को
- 20 क्यूसेक नोएडा को

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बेटी कितनी भी बड़ी हो जाए लेकिन अपने पापा की वो गुड़िया ही रहती है, पापा के लिए वो नन्ही परी ही रहती है। मन के इस भाव को बीजेपी नेता अनुज मित्तल ने अपनी लाड़ली बेटी के जन्मदिन पर अपने शब्दो से बयां किया। बेटी के जन्मदिन पर एक पिता के मन के भावों को व्यक्त करती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।